सांध्य दैनिक

# भारत मत

Web- www.bharatmatepaper.com

मौसम

| ग्वालियर | भोपाल |
| --- | --- |
| अधि. 21.0 | अधि. 23.0 |
| न्यून. 9.0 | न्यून. 10.0 |



सिनेमा@पेज-07

■ ग्वालियर ■ झांसी ■ भोपाल से एक साथ प्रकाशित

झांसी, शुक्रवार 26 दिसंबर 2025 पौष शुक्लपक्ष-6, संवत 2082, वर्ष-11 अंक-115 कुल पृष्ठ-8

मूल्य-₹ 2.00

Email-

यूपी में घना कोहरा, 50+ ट्रेनें लेट

## एमपी के 25 शहरों में तापमान 10° से कम: राजस्थान के तीन शहरों में पारा 2° से नीचे

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के करीब 22 राज्यों में भीषण सर्दी पड़ रही है। मध्य प्रदेश के 25 से ज्यादा शहरों का न्यूनतम तापमान 10ए सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। गुरुवार को सबसे ठंडा शहर पचमढ़ी रहा, यहां न्यूनतम तापमान 3.6° दर्ज किया गया। राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) का असर खत्म होने के साथ ही उत्तरी ठंडी हवाओं ने सर्दी बढ़ा दी है। गुरुवार को 4 शहरों में रात का तापमान 5ए और 21 शहरों में 10° सेल्सियस से नीचे पहुंच गया है। माउंट आबू 1.0ए, फतेहपुर 1.6 और नागौर 1.8 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे ठंडा रहा। यूपी के कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या, बरेली समेत 27 जिलों में शुक्रवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। सड़कों पर विजिबिलिटी इतनी कम थी कि कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। प्रयागराज, देवरिया समेत कई रेलवे स्टेशनों पर 50 से ज्यादा ट्रेनें देरी से चल रही हैं। गोरखपुर समेत कई एयरपोर्ट्स पर 5 फ्लाइट्स कैंसिल हैं।




### भोपाल में शुक्रवार सुबह सड़कों पर कोहरा देखने को मिला

मध्य प्रदेश के ग्वालियर, रीवा, सागर-जबलपुर संभाग के कई जिलों में शुक्रवार सुबह कोहरा छाया रहा। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 2-3 दिनों में प्रदेश में कड़ाके की सर्दी पड़ेगी। नए साल की शुरुआत तक भीषण सर्दी होगी। गुरुवार रात पचमढ़ी में लगातार दूसरे दिन पारा 4 डिग्री से नीचे रहा। शहर का तापमान 3.6 डिग्री पर पहुंच गया। रीवा, सतना, भोपाल, इंदौर, उज्जैन सहित कई शहरों में घना कोहरा रहा। इस वजह से दिल्ली से भोपाल, उज्जैन और इंदौर आने वाली ट्रेनें लेट रहीं। पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और बिहार में कोहरे के साथ ठंडी उत्तर-पश्चिमी हवाएं चलने की संभावना है। कोल्ड-डे जैसी स्थिति रहेगी। कोल्ड डे एक मौसम संबंधी स्थिति है जब किसी स्थान का न्यूनतम तापमान 10एष्ट से कम हो, और दिन का अधिकतम तापमान सामान्य से 4.5°C से 6.4°C तक कम हो जाता है, जिससे बहुत ज्यादा ठंड महसूस होती। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी तेज हो सकती है, जबकि निचले इलाकों में बारिश के आसार हैं। राजस्थान के 11 जिलों में अगले 3-4 दिनों तक तेज सर्दी और शीतलहर चलने की आशंका है। ग्रामीण इलाकों में ठंडी हवाओं के कारण पाला जमना शुरू हो गया है। गुरुवार को सीकर के फतेहपुर में न्यूनतम तापमान सबसे कम, 1.6 डिग्री दर्ज हुआ। जयपुर समेत कुछ शहरों में सर्दी के इस सीजन की सबसे ठंडी रात रही। शुक्रवार सुबह से जयपुर सहित आसपास के जिलों में बादल छाए हैं। सीकर में गुरुवार को कई जगह बर्फ की पतली परत जम गई।

गिग वर्कर्स ने 31 दिसंबर को हड़ताल का ऐलान किया

## स्विगी, जोमैटो और जेप्टो पर होगा असर; जानिए गिग वर्कर्स कौन होते हैं



नई दिल्ली, एजेंसी

गिग वर्कर्स ने 31 दिसंबर को पूरे देश में हड़ताल का ऐलान किया है। इसका असर स्विगी, जोमैटो, ब्लिंकिट, फ्लिपकार्ट, अमेजन, जेप्टो, अन्य ई-कॉमर्स कंपनियों की डिलीवरी पर पड़ेगा। तेलंगाना गिग एंड प्लेटफॉर्म वर्कर्स यूनियन और इंडियन फेडरेशन ऑफ एप-बेस्ड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स ने कहा, ये वर्कर्स काम की खराब होती स्थिति, कम होती कमाई, सुरक्षा की कमी, सामाजिक सुरक्षा के अभाव के खिलाफ विरोध कर रहे हैं। वर्कर्स ने केंद्र, राज्यों से अपील की है कि वे इन प्लेटफॉर्म कंपनियों को रेगुलेट करें। गिग वर्कर्स की ओर से जारी बयान में 25 दिसंबर को भी हड़ताल का जिक्र है। इसके असर का पता नहीं चल सका। सरकार ने देश के सभी मजदूरों और कर्मचारियों के लिए एक बड़ा फैसला करते हुए शुक्रवार से चार नए लेबर कोड लागू किए हैं। पहले जो 29 अलग-अलग श्रम कानून थे, उनमें से जरूरी बातें निकालकर इन्हें अब 4 आसान और साफ नियमों में बदल दिया गया है।

ब्योमा ने एक को बचाने में जान गंवाई

## क्रिकेटर वैभव समेत 20 बच्चों को बाल पुरस्कार, श्रवण ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जवानों की सेवा की

नई दिल्ली, एजेंसी

वीर बाल दिवस के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को 20 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया। इन बच्चों को 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से चुना गया है। 14 साल के क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी पुरस्कार लेने के लिए दिल्ली में हैं, इसलिए वे आज विजय हजारे टूर्नामेंट में मणिपुर के खिलाफ मैच नहीं खेल रहे हैं। राष्ट्रीय बाल पुरस्कार पाने वाले बच्चों में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बॉर्डर पर जवानों को चाय-नाश्ता देने वाले फिरोजपुर के श्रवण सिंह भी शामिल हैं। 2 बच्चों को मरणोपरांत पुरस्कार दिया गया। इनमें तमिलनाडु की ब्योमा और बिहार के कमलेश कुमार का नाम शामिल है। इनके पुरस्कार माता-पिता ने लिए। वीर बाल दिवस गुरु गोविंद सिंह के चार बेटों की शहादत के सम्मान में आयोजित किया जाता है। गुरु गोविंद सिंह के तीन पत्नियों से चार बेटे थे, जिनका नाम अजीत, जुझार, जोरावर और फतेह था। इन्हें साहिबजादे भी कहा जाता है। 26 दिसंबर 1705 को चारों बेटों की मुगल सेना ने हत्या कर दी थी। उनकी शहादत का सम्मान करने के लिए पीएम मोदी ने 2022 में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाने की घोषणा की थी।




### बिना धूल की थ्रेसर मशीन बनाने वाली पूजा को पुरस्कार

उत्तरप्रदेश के बाराबंकी की रहने वाली 17 साल की पूजा को पर्यावरण के क्षेत्र में पुरस्कार मिला। पूजा के पिता मजदूर हैं और मां सरकारी स्कूल में खाना बनाती हैं। पूजा ने एक बिना धूल वाली थ्रेसर मशीन बनाई है जो वायु प्रदूषण रोकने में कारगर है।

### बंगाल के सुमन को कला क्षेत्र में बाल पुरस्कार

पश्चिम बंगाल के नदिया जिले में रहने वाले 16 साल के तबला वादक सुमन सरकार को कला और संस्कृति के क्षेत्र में पुरस्कार मिला। सुमन को तबला वादन में 13 साल का अनुभव है। राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 43 पुरस्कार मिल चुके हैं। 22 बार पहले स्थान पर रहे हैं।

### 9 साल की एस्तेर यूट्यूब पर स्टार, इनके 20 मिलियन फॉलोअर

मिजोरम की 9 साल की एस्तेर लालदुहावमी हनामते को कला और संस्कृति के लिए पुरस्कार मिला। लालदुहावमी के गाए गए गीत को गृह मंत्री अमित शाह ने सराहा और उन्होंने गिटार दिया। हनामते के पिता लोहार हैं। हनामते एक यूट्यूब स्टार हैं और उनके चैनल पर 20 मिलियन फॉलोवर्स हैं। आंध्र प्रदेश की 17 साल की शिवानी होसरु उप्परा दिव्यांग पैरा एथलीट हैं। खेल के क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### गुजरात की सात साल की ग्रैंडमास्टर को बाल पुरस्कार

सूरत गुजरात की रहने वाली 7 साल की शतरंज खिलाड़ी वाका लक्ष्मी प्रज्ञिका को खेल के क्षेत्र में पुरस्कार मिला। लक्ष्मी 2025 के फिडे वर्ल्ड स्कूल चेस चैंपियनशिप में अंडर-7 गर्ल्स श्रेणी में वर्ल्ड चैंपियन बनीं। उन्होंने सभी 9 मुकाबले जीतकर स्वर्ण पदक हासिल किया।

### नक्सली एरिया में जन्मी जूडो खिलाड़ी को बाल पुरस्कार

कोनागांव, छत्तीसगढ़ की रहने वाली 14 साल की योगिता मंडावी को खेल में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया। योगिता ने अपने माता-पिता को बचपन में ही खो दिया था। योगिता जन्म से ही नक्सल प्रभावित इलाके में रहीं। हालांकि अब ये क्षेत्र नक्सल मुक्त हो चुका है। योगिता राष्ट्रीय स्तर की जूडो खिलाड़ी हैं। इन्होंने कई राष्ट्रीय पुरष्कार जीते हैं।

### झारखंड की फुटबॉलर को राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

झारखंड की 14 साल की फुटबॉलर अनुष्का को खेल कैटेगरी में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार मिला।अनुष्का की मां दिहाड़ी मजदूर हैं और पिता बीमार रहते हैं। अनुष्का को अंडर 17 महिला फुटबॉल टीम में शामिल किया गया है।

### वेस्ट पेपर से पेंसिल बनाने की मशीन बनाने वाली आयशी को पुरस्कार

असम की आयशी प्रिषा बोराह ने वेस्ट पेपर से पेंसिल बनाने की मशीन बनाई और अखबारों का इस्तेमाल करके मल्च बनाया। साथ ही, ग्रेवॉटर को रीसायकल करने और उसे ग्राउंडवॉटर में बदलने का सिस्टम भी डेवलप किया। ऐशी ने बताया कि मेरे सभी इनोवेशन कम लागत वाले हैं और बिना बिजली के चलते हैं।

### सामाजिक सेवा करने वाले वंश को बाल पुरस्कार

चंडीगढ़ के 17 साल के वंश को सामाजिक सेवा के लिए पुरस्कार मिला। वंश को परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रशंसा पत्र मिल चुका है। ड़ीसा के गजपति की जोशना साबर को खेल के क्षेत्र में पुरस्कार मिला।

ऑस्ट्रेलिया जैसे सख्त कानून पर विचार करने का सुझाव दिया, कहा- पैरेंटल कंट्रोल मिले

## मद्रास हाईकोर्ट बोला- भारत में बच्चों के लिए सोशल-मीडिया बैन हो



नई दिल्ली, एजेंसी

मद्रास हाईकोर्ट ने शुक्रवार को केंद्र सरकार को सुझाव दिया कि ऑस्ट्रेलिया की तरह भारत में भी 16 साल से कम उम्र वालों के लिए सोशल मीडिया पर रोक लगाई जाए। कोर्ट ने कहा कि इसपर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। मदुरै बेंच की डिविजन बेंच जस्टिस जी जयरामन और जस्टिस के के रामकृष्णन ने यह बात नाबालिगों को ऑनलाइन पोर्नोग्राफिक कंटेंट आसानी से मिल जाने के मुद्दे पर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान कही। कोर्ट ने कहा कि इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स (ISP) पर और सख्त नियम लागू किए जाएं। उन्हें अनिवार्य रूप से पैरेंटल विंडो सर्विस (पैरेंटल कंट्रोल) देने के लिए कहा जाए, जिससे माता-पिता अपने बच्चों की ऑनलाइन एक्टिविटी को फिल्टर और कंट्रोल कर सकें। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया ने 9 दिसंबर से 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अकाउंट बनाने पर बैन कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया इस तरह का बैन लगाने वाला दुनिया का पहला देश है। यह मामला एक पुरानी जनहित याचिका से जुड़ा है, जिसमें शिकायत की गई थी कि बच्चों को इंटरनेट पर अश्लील और पोर्नोग्राफिक कंटेंट बहुत आसानी से मिल जाती है। इस पर रोक के लिए ठोस व्यवस्था नहीं है। याचिका में मांग की गई थी कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (हृष्टक्क्रष्टक्र), तमिलनाडु बाल अधिकार आयोग और इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स को निर्देश दिया जाए कि वे पैरेंटल कंट्रोल सिस्टम लागू करें और स्कूलों व समाज में बड़े स्तर पर जागरूकता अभियान चलाएं।

## भारत ब्रह्मोस का नया वर्जन तैयार कर रहा: रेंज 450-800 किमी तक; दिल्ली से इस्लामाबाद को निशाना बनाया जा सकेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के 6 एयरबेस को तबाह कर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में आई भारत की सुपरसोनिक ब्रह्मोस क्रूज मिसाइल अब और भी ताकतवर होने जा रही है। रक्षा सूत्रों के अनुसार ब्रह्मोस की रेंज, रफ्तार और मारक क्षमता को और बेहतर किया जा रहा है। फिलहाल इसकी रेंज करीब 300 किलोमीटर है, लेकिन नए वर्जन में इसे 450 किलोमीटर से लेकर 800 किलोमीटर तक करने पर काम चल रहा है। इन नई मिसाइलों के आने के बाद दिल्ली से ही पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद को निशाना बनाया जा सकेगा। दिल्ली और इस्लामाबाद की हवाई दूरी 700 किलोमीटर है। वहीं, ब्रह्मोस का हल्का वर्जन भी बनाया जा रहा है। ब्रह्मोस का करीब ढाई टन वजनी खास वर्जन सुखोई एमकेआई-30 लड़ाकू विमान के नीचे (अंडरबेली) लगाने के लिए तैयार किया गया है। यह वर्जन अब प्रोजेक्ट डिजाइन बोर्ड से मंजूरी के बाद अगले चरण में पहुंच गया है। अभी ज्यादा रेंज वाली ब्रह्मोस मिसाइल के ग्राउंड ट्रायल की तैयारी चल रही है। इस नए वर्जन के अगले तीन साल में पूरी तरह विकसित होने की उम्मीद है। अगर सब कुछ तय योजना के मुताबिक रहा तो ब्रह्मोस के इस नए वर्जन का पहला परीक्षण 2027 के अंत तक किया जा सकता है। ब्रह्मोस दुनिया की सबसे तेज और घातक क्रूज मिसाइलों में गिनी जाती है। यह %दागो और भूल जाओ% तकनीक पर काम करती है और मैक-3 (ध्वनि की गति 332 मी./सेकेंड से तिगुनी) की रफ्तार से टारगेट पर हमला करती है। इसकी तेज गति के कारण दुश्मन के रडार इसे समय रहते पकड़ नहीं पाते। ब्रह्मोस एयरोस्पेस 2016 में मिसाइल टेक्नोलॉजी कंट्रोल रिजीम (MTCR) का सदस्य बना। इस रिजीम में 35 देश शामिल हैं। इसके बाद ही ब्रह्मोस की रेंज को 300 किमी से आगे बढ़ाने पर काम शुरू हुआ।




## पित्रोदा बोले-सरकार राहुल के विदेश दौरों की निगरानी कर रही: दूतावास के अधिकारी उनका पीछा करते हैं

नई दिल्ली, एजेंसी

ओवरसीज कांग्रेस के चेयरमैन और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने दावा किया है कि राहुल गांधी के विदेश दौरों के दौरान भारतीय दूतावास के अधिकारी उन पर नजर रखते हैं और कई बार विदेशी नेताओं से उन्हें न मिलने को कहा जाता है। पित्रोदा ने राहुल के दौरे को लेकर गुरुवार को इंडिया टुडे से बातचीत की है। इसमें उन्होंने कहा- मैने खुद देखा है कि राहुल गांधी के होटल, मीटिंग्स और एयरपोर्ट पर उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जाती है। हालांकि इसके सबूत नहीं हैं, लेकिन अनुभव के आधार पर यह बात कह रहा हूं। वहीं पित्रोदा ने भाजपा के राहुल पर देश की छवि को नुकसान पहुंचाने के आरोपों को खारिज किया। जर्मनी दौरे की टाइमिंग पर उन्होंने कहा कि विदेश यात्राएं अचानक तय नहीं होतीं, बल्कि महीनों पहले से उनका कार्यक्रम बनता है। राहुल गांधी पर विदेश जाकर भारत की छवि खराब करने के आरोपों पर कहा, सच तो सच होता है, चाहे वह भारत में बोला जाए या विदेश में। डबल स्टैंडर्ड नहीं हो सकते। जॉर्ज सोरोस और विदेशी फंडिंग से जुड़े आरोपों पर कहा कि ये पूरी तरह बेबुनियाद हैं। राहुल गांधी या कांग्रेस का किसी भी तरह के एंटी-इंडिया नेटवर्क से कोई संबंध नहीं है। सब बकवास है। हम यूनिवर्सिटी जाते हैं, पब्लिक स्पेस में बात करते हैं। कौन किससे जुड़ा है, हमें न पता है और न हमें फर्क पड़ता है।



### भाजपा संविधान खत्म करने की साजिश रच रही

राहुल गांधी प्रोग्रेसिव अलायंस के आमंत्रण पर 17-19 दिसंबर तक जर्मनी में थे। इस दौरान 18 अक्टूबर को उन्होंने बर्लिन स्थित हर्टी स्कूल में छात्रों को संबोधित किया था। राहुल ने बीजेपी पर भारतीय संविधान को खत्म करने की साजिश रचने का आरोप लगाया था। राहुल ने कहा- बीजेपी संविधान की उस मूल भावना को खत्म करना चाहती है, जो सभी नागरिकों को समान अधिकार देती है। बीजेपी राज्यों की समानता, भाषाओं की समानता और धर्मों की समानता के विचार को खत्म करने की बात कर रही है। बीजेपी ने देश की संस्थाओं पर भी पूरा कब्जा कर लिया है।

कोविड के बाद पॉल्यूशन भारत का सबसे बड़ा स्वास्थ्य संकट

## डॉक्टरों का दावा- इससे दिल की बीमारी बढ़ी; हल ढूंढने में काफी देर हो चुकी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में वायु प्रदूषण कोविड-19 महामारी के बाद सबसे बड़ा स्वास्थ्य संकट बन चुका है। ब्रिटेन में काम करने वाले भारत के कई सीनियर डॉक्टरों ने न्यूज एजेंसी क्क्लढ्ढ से बातचीत में यह दावा किया है। डॉक्टरों ने कहा कि आने वाले सालों में प्रदूषण से लोगों की सेहत और देश की स्वास्थ्य व्यवस्था पर लंबे समय तक असर पड़ेगा। डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि अगर तत्काल और ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह समस्या हर साल और गंभीर होती जाएगी। डॉक्टरों ने कहा कि पिछले 10 सालों में हृदय रोगों में बढ़ोतरी को अक्सर मोटापे से जोड़ा गया, लेकिन इसमें कारों और विमानों से निकलने वाले जहरीले तत्वों की बड़ी भूमिका है। इंग्लैंड स्थित लिवरपूल में कंसल्टेंट पल्मोनोलॉजिस्ट (फेफड़ों के डॉक्टर) और भारत सरकार की कोविड-19 एडवाइजरी कमेटी के पूर्व सदस्य मनीष गौतम ने कहा कि वायु प्रदूषण पर सरकार का नया फोकस जरूरी है, लेकिन इसमें काफी देरी हो चुकी है। गौतम के पास यूके की नेशनल हेल्थ में 20 सालों से ज्यादा का अनुभव है। भारत में प्रदूषण नियंत्रण और रोकथाम के लिए महत्वपूर्ण कदम पहले से मौजूद हैं, लेकिन वे अब इस रोक पाने के लिए अपने आप में काफी नहीं हैं। उत्तर भारत में रहने वाले लाखों लोगों में नुकसान पहले ही हो चुका है। जो इलाज हो रहा है, वह समस्या का केवल एक छोटा हिस्सा है। डॉक्टरों ने कहा कि कारों और विमानों से निकलने वाले जहरीले तत्वों की हृदय रोगों के बढ़ते मामले में बड़ी भूमिका है। डॉक्टरों ने कहा कि कारों और विमानों से निकलने वाले जहरीले तत्वों की हृदय रोगों के बढ़ते मामले में बड़ी भूमिका है।



### प्रदूषण के छोटे-छोटे कणों से दिल की बीमारियों का खतरा

बर्मिंघम के मिडलैंड मेट्रोपॉलिटन यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल में कंसल्टेंट कार्डियोलॉजिस्ट प्रोफेसर डेरेक कॉनॉली ने कहा- प्रदूषित शहरों में मौसम साफ होने पर भी लोगों में प्रदूषण के छोटे-छोटे कणों (पार्टिकुलेट मैटर) के कारण दिल से जुड़ी बीमारियों का खतरा रहता है। उनके मुताबिक, हृदय रोग एक धीमी प्रक्रिया है, जिसमें अचानक हालात बिगड़ने जाते हैं। पार्टिकुलेट मैटर (क्करू) आंखों से नहीं दिखते। इसे ब्लड प्रेशर या कोलेस्ट्रॉल की तरह आसानी से मापा नहीं जा सकता, इसलिए लोग इसके खतरे को नहीं समझ पाते। डॉक्टरों के मुताबिक, दिसंबर में दिल्ली के अस्पतालों में सांस संबंधी मरीजों की संख्या में 20 से 30त्न की बढ़ोतरी देखी गई। इनमें कई युवा और पहली बार इलाज कराने वाले मरीज शामिल थे। डॉक्टरों ने कहा कि सांस से जुड़ी बीमारियों का एक बड़ा हिस्सा अब भी बिना पहचान और इलाज के है।

## कार्बी आंगलोंग हिंसा-11 हजार लोग घरों में कैद, बाजार बंद

गुवाहाटी, एजेंसी

असम के 12 लाख की आबादी वाले स्वायत्तशासी कार्बी आंगलोंग में इस समय आप किसी से भी बात करेंगे, तो शायद जवाब न मिले, क्योंकि हिंसा का खौफ लोगों के दिल और दिमाग में बैठ गया है। घरों में चूल्हे ठंडे पड़े हैं। बाजार बंद हैं। मोबाइल डेटा सर्विस बंद है। 22-23 दिसंबर को यहां स्थानीय कार्बी आदिवासी और 'बाहरी' लोगों के बीच हुई हिंसा में 2 की मौत हो गई थी। 60 पुलिसकर्मियों समेत 150 से ज्यादा घायल हैं। इनमें एक दिव्यांग सूरज डे को भीड़ ने जिंदा जला दिया था। गुरुवार को जब वेस्ट कार्बी आंगलोंग के खेरोनी घाट पहुंची, तो पीड़ित परिवारों ने नाम न छापने की शर्त पर सिर्फ इतना बताया कि वे तीन दिन से सोए नहीं हैं। ये खौफ जिले के उन 12 गांवों में हैं, जहां विवाद है। इन गांवों में असम पुलिस, रैपिड एक्शन फोर्स , सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स और भारतीय सेना के लगभग एक हजार जवान तैनात हैं। कार्बी जनजाति के संगठनों का दावा है कि जिले में हमारी आबादी अब महज 35त्न बची है। बाकी 65त्न बाहरी हैं, जो नेपाल, यूपी और बिहार के हिंदी भाषी लोग हैं। जहां विवाद है, उन गांवों में आबादी करीब 11 हजार है।

# दिल्ली के बाद मप्र में ई-जीरो एफआईआर प्रणाली लागू

## गृहमंत्री शाह ने मुख्यमंत्री यादव को सौंपी पहली प्रति

भारतमत रिपोर्टर, भोपाल

***प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'साइबर सुरक्षित भारत' विजन को साकार करते हुए मध्यप्रदेश में ई-जीरो एफआईआर व्यवस्था लागू कर दी गई है। यह व्यवस्था केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के दिशा-निर्देशों एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में लागू की गई है। इसके साथ ही मध्यप्रदेश, दिल्ली के बाद ई-जीरो एफआईआर लागू करने वाला देश का दूसरा राज्य बन गया है।***



ई-जीरो एफआईआर प्रणाली का शुभारंभ ग्वालियर में आयोजित अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा किया गया। इस अवसर पर ई-जीरो एफआईआर की पहली प्रति मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को सौंपी गई।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जिस प्रकार स्वच्छता को हमने जन-आंदोलन बनाया है, उसी तरह साइबर स्वच्छता को भी जन-संस्कृति बनाना आवश्यक है। उन्होंने साइबर अपराधियों पर सख्त और त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। प्रदेश में ई-जीरो एफआईआर व्यवस्था पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक ए. साईं मनोहर के मार्गदर्शन में संचालित की जा रही है। इस व्यवस्था का उद्देश्य साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों में त्वरित न्याय सुनिश्चित करना है।

### साइबर धोखाधड़ी पर होगी ई-जीरो एफआईआर

ई-जीरो एफआईआर व्यवस्था विशेष रूप से 1 लाख रुपये या उससे अधिक की साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों में लागू होगी। यह प्रणाली क्षेत्राधिकार की बाधाओं को समाप्त कर जांच प्रक्रिया को तुरंत शुरू करने में सहायक होगी।

### डिजिटल प्लेटफॉर्म का एकीकृत उपयोग

यह व्यवस्था नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल एनसीआरपी, 14सी और सीसीटीएनएस को आपस में जोड़ती है, जिससे शिकायत स्वतः ई-जीरो एफआईआर में परिवर्तित हो जाती है।

### साइबर अपराध में 'गोल्डन ऑवर' अहम

साइबर अपराध के बाद पहले दो घंटे गोल्डन ऑवर माने जाते हैं। इस दौरान शिकायत दर्ज होने पर बैंक खातों को तुरंत फ्रीज कर राशि बचाई जा सकती है। ई-जीरो एफआईआर से डिजिटल साक्ष्य भी तुरंत सुरक्षित होते हैं।

#### पांच चरणों में पूरी होगी प्रक्रिया

- पीड़ित 1930 हेल्पलाइन या एनसीआरपी पोर्टल पर शिकायत दर्ज करेगा।
- शिकायत स्वतः ई-जीरो एफआईआर में बदलेगी।
- पीड़ित को तत्काल एफआईआर नंबर मिलेगा।
- प्रकरण संबंधित थाना क्षेत्र को भेजा जाएगा।
- तीन दिन के भीतर नियमित एफआईआर दर्ज की जाएगी।

#### पीड़ितों को मिलेंगे कई लाभ

- देश में कहीं से भी शिकायत दर्ज करने की सुविधा।
- क्षेत्राधिकार की बाधा समाप्त। ऑनलाइन केस ट्रैकिंग।

**डिजिटल साक्ष्य अपलोड की सुविधा-** ई-जीरो एफआईआर व्यवस्था के लागू होने से यह स्पष्ट है कि मध्यप्रदेश पुलिस तकनीक के माध्यम से न्याय को तेज, पारदर्शी और आम नागरिकों के लिए सुलभ बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठा रही हैं।

बिजुरी ने रचा इतिहास, अटलजी के नाम सड़क

# अटल बिहारी वाजपेयी मार्ग बना सुशासन और विकास की प्रेरणा : दिलीप जायसवाल

भारतमत रिपोर्टर, भोपाल

***भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस पर 25 दिसंबर को नगरपालिका परिषद बिजुरी द्वारा सुशासन दिवस श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। नगर पालिका परिषद बिजुरी अंतर्गत वार्ड 3 में 14 मीटर से अधिक चौड़ाई वाली प्रमुख सड़क का नामकरण 'अटल बिहारी वाजपेयी मार्ग' किया गया।***



यह मार्ग स्वागतद्वार पड़रीपानी से सेठे ओर बिजुरीकरण तक विकसित किया गया है, जो नगर की महत्वपूर्ण सड़कों में से एक है। मुख्य अतिथि दिलीप जायसवाल, राज्य मंत्री (कुटीर एवं ग्रामोद्योग) रहे। विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद अध्यक्ष साहबीन मनिका पनिक एवं उपाध्यक्ष प्रीति सतीश शर्मा थी।

पनिका ने कहा-अटलजी केवल एक महान राजनेता ही नहीं, बल्कि सुशासन, संवेदनशीलता और राष्ट्रसेवा के प्रतीक थे। उनके नाम पर नगर की प्रमुख सड़क का नामकरण बिजुरी नगर के लिए गौरव का विषय है। नगरपालिका परिषद जनहित में विकास और सुशासन के मार्ग पर निरंतर कार्य करती रहेगी। प्रीति शर्मा ने कहा-अटजी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं। अटल बिहारी वाजपेयी मार्ग का लोकार्पण नगर के विकास और जनसेवा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता नगर पालिका परिषद अधिकारी पवन साहू ने कहा-सड़क निर्माण एवं नामकरण का उद्देश्य नागरिकों को बेहतर अधोसंरचना प्रदान करना तथा अटल जी के आदर्शों को जनमानस तक पहुँचाना है।

अतिथियों ने अटलजी के व्यक्तित्व, कृतित्व एवं उनके सुशासन के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अटलजी का जीवन राष्ट्रसेवा, सुचिता और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक रहा है। सुशासन दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में नगर के जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य जनमानस को सुशासन, पारदर्शिता एवं जनकल्याणकारी कार्यों के प्रति जागरूक करना रहा।

# मंत्री का करीबी बताकर नेत्रहीन दिव्यांग से ठगी

## सरकारी नौकरी का झांसा देकर 20 हजार रुपए ऐंठे

भारतमत रिपोर्टर, भोपाल

***भोपाल में गरीब नेत्रहीन दिव्यांग युवक के साथ ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने खुद को मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का करीबी और उनके बंगले का कर्मचारी बताकर नगरीय प्रशासन विभाग में सरकारी नौकरी लगवाने का झांसा दिया और पीड़ित से 20 हजार रुपए ऐंठ लिए।***

पीड़ित शिवकुमार ठाकरे सिवनी जिले के एक गांव का निवासी है। शिवकुमार के अनुसार दीपक कुर्मी नाम के व्यक्ति ने उससे संपर्क कर दावा किया कि उसकी सीधी पहुंच मंत्री कैलाश विजयवर्गीय तक है और वह शहरी प्रशासन विभाग में नौकरी लगवा सकता है। आरोपी की बातों में आकर पीड़ित ने नौकरी की उम्मीद में दो किश्तों में 10-10 हजार रुपए ट्रांसफर किए।

खुद के पास पैसे न होने के कारण शिवकुमार ने यह रकम अपनी बहन और मामा से उधार लेकर आरोपी के बताए खाते में डलवाई। बाद में जब पीड़ित को संदेह हुआ और वह सच्चाई जानने भोपाल स्थित मंत्री विजयवर्गीय के बंगले पहुंचा तो वहां पता चला कि दीपक कुर्मी नाम का कोई भी व्यक्ति बंगले पर कार्यरत नहीं है। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने हबीबगंज थाना पहुंचकर पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने आवेदन के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

शिवकुमार ठाकरे ने कहा कि मुझसे कहा गया था कि मंत्री के बंगले में काम करता है और नौकरी लगवा देगा। मजबूरी में रिश्तेदारों से पैसे लेकर दिए, लेकिन बाद में पता चला कि मेरे साथ धोखा हुआ है।

# भीड़-भाड़ वाले इलाकों में वाहन चोरी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

## चंद घंटों में चोरी गई एक्टिवा बरामद

भारतमत रिपोर्टर, भोपाल

**थाना शाहजहांनाबाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए वाहन चोरी के एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार कर चंद घंटों में चोरी गई एक्टिवा बरामद कर ली है। आरोपी भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में वारदात को अंजाम देता था।**



24 दिसंबर को फरियादी रईस अहमद, निवासी इमामी गेट भोपाल ने इज्तिमा पार्किंग के पीछे से उनकी सफेद एक्टिवा चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। घटनास्थल एवं आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज संकलित कर पुलिस ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। फुटेज के आधार पर संदिग्ध की पहचान शब्बीर खान पिता स्व. अजीज खान (34), निवासी ग्राम ग्यारसपुरा, तहसील श्यामपुर दौराहा, जिला सीहोर के रूप में हुई। उनि. माधव सिंह परिहार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को चोरी की गई एक्टिवा सहित गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से थाना क्षेत्र में हुई अन्य वाहन चोरी की घटनाओं के संबंध में पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बरामद एक्टिवा को जप्त कर लिया है। आरोपी शब्बीर खान के विरुद्ध विभिन्न थानों में वाहन चोरी, मारपीट और आर्म्स एक्ट सहित कुल 16 प्रकरण पूर्व से पंजीबद्ध हैं, जिनमें भोपाल, सीहोर और शाजापुर जिले के थाने शामिल हैं।

# भोपाल एसटीएफ ने किया 599 किलो गांजा जब्त

**भोपाल।** नए साल से पहले भोपाल एसटीएफ (स्पेशल टास्क फोर्स) ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 599 किलो गांजा जब्त किया है, जिसकी कीमत करीब 1 करोड़ 80 लाख रुपये बताई जा रही है। एसटीएफ को यह सफलता छत्तीसगढ़-मध्य प्रदेश सीमा के पास अनूपपुर के घने जंगल मार्ग पर मिली। टीम ने एक संदिग्ध ट्रक को रोका। तलाशी के दौरान ट्रक में अलग से बनाए गए गुप्त बॉक्स से भारी मात्रा में गांजा बरामद किया गया, जिसे उड़ीसा से मध्यप्रदेश लाया जा रहा था। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अंकित विश्वकर्मा और धनराज पटेल के रूप में हुई है, जो क्रमशः सतना और सीधी जिले के निवासी बताए जा रहे हैं। प्राथमिक पूछताछ में गांजा तस्करी के एक बड़े नेटवर्क से जुड़े होने की आशंका है। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और तस्करी से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है। अधिकारियों का कहना है कि मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए आगे भी इस तरह की सख्त कार्रवाइयां जारी रहेंगी।



# सत्य बोलना और धर्म पालन के मूल्य ही व्यक्ति की वास्तविक पूंजी : राज्यपाल पटेल

भारतमत रिपोर्टर, भोपाल

**सत्य बोलने और धर्म का पालन करने वाले को जीवन में कोई दिक्कत नहीं होती है। यह जीवन मूल्य ही व्यक्ति की वास्तविक पूंजी हैं। भावी जीवन में माता-पिता, गुरुजन, समाज और राष्ट्र की सेवा का भाव कम नहीं होने दीजिएगा।**



राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने विद्यार्थियों से अपेक्षा की है कि वे विश्वविद्यालय से प्राप्त संस्कारों और अनुभवों से वंचित वर्गों और पीड़ित मानवता की सेवा का कार्य निरन्तर करते रहेंगे। पटेल गुरूवार को कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेशन सेंटर में आयोजित अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय के छटवें दीक्षांत समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

राज्यपाल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का राष्ट्र प्रेम ओजस्वी व्यक्तित्व और हिन्दी प्रेम, हिन्दी भाषा का गौरव प्रतीक है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय वाजपेयी जी को निकट से देखने का मौका उन्हें कई बार मिला है। उन्होंने सुदर्शन जी को भी सुना है। आपात स्थिति की घोषणा के दिन गुजरात में आयोजित सभा का उल्लेख करते हुए बताया कि स्वर्गीय जय प्रकाश नारायण जी कहते थे कि अटल जी के मुख में सरस्वती का वास है। उन्होंने कहा कि वाजपेयी की अंतिम यात्रा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का 5 किलोमीटर पैदल चलना अपने नेता के प्रति श्रद्धा अभिव्यक्ति का अभूतपूर्व और प्रेरणादायी उदाहरण है। विज्ञान और तकनीक के इस युग में वैश्विक प्रतिस्पर्धा और मानकों के अनुरूप विद्यार्थी तैयार करना बड़ी चुनौती है।

सहकारिता मंत्री के बयान पर कमलनाथ का पलटवार

# फर्जी किसान कर्ज माफी बताने पर किसानों के आंकड़े शेयर किए

भारतमत रिपोर्टर, भोपाल

एमपी के सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने भोपाल में सहकारी बैंकों की खराब आर्थिक स्थिति को लेकर पूछे गए सवाल पर कमलनाथ सरकार की किसान कर्ज माफी को जिम्मेदार बताया था।सारंग ने कहा था-15 महीने की कांग्रेस सरकार में किसानों के ऋण माफी की फर्जी योजना लागू की गई। उसने सीधा प्रभाव हमारी पैक्स और बैंक पर डाला। उससे हमारी व्यवस्थाएं खराब हुई हैं, लेकिन ये डॉ. मोहन यादव की सरकार है। मैं विश्वास दिलाता हूं कि अगले दो वर्षों में हम संपूर्ण बैंकों को सुचारू कर देंगे। कमलनाथ ने एक्स पर लिखा- किसानों के साथ रात-दिन धोखा करने वाली भाजपा सरकार के मंत्री विश्वास सारंग ने मेरी सरकार के दौरान हुई किसान कर्ज माफी को लेकर सरासर झूठ बोला है। इस झूठ के लिए उन्हें मध्य प्रदेश की जनता और किसान भाइयों से माफी मांगनी चाहिए। कमलनाथ ने लिखा सच्चाई यह है कि कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री की शपथ लेते ही मैंने सबसे पहला काम किसानों की कर्जमाफी का किया था। कांग्रेस सरकार ने दो चरणों में 26, 95, 381 किसानों का 11,646.96 करोड़ रुपया का कर्ज माफ किया। किस जिले में कितने किसानों का कितना कर्ज माफ किया गया, इसकी सूची है। पूर्व सीएम ने लिखा- अगर भारतीय जनता पार्टी छलपूर्वक कांग्रेस की सरकार गिराकर अपनी सरकार नहीं बनाती तो प्रदेश के बाकी किसानों का कर्ज भी माफ कर दिया जाता। बेहतर होगा झूठ और फरेब से प्रदेश की जनता को भ्रमित करने के बजाय भाजपा किसानों से किए गए वे वादे निभाए जो उसने चुनाव के समय किए थे।




**झूठे दावों के बजाय किसानों पर ध्यान दें-** कमलनाथ ने लिखा- गेहूं और धान पर न्यूनतम समर्थन मूल्य का जो वादा भाजपा ने किया था, उसे पूरा नहीं किया है। किसानों की आमदनी घटती जा रही है। रबी हो या खरीफ दोनों सीजन में किसान खाद के लिए परेशान है। बेहतर होगा कि झूठे दावे करने की बजाय भाजपा सरकार किसानों के कल्याण पर ध्यान दें।

# पूर्व पंचायत मंत्री बोले- भाजपा को गांधी से चिढ़ क्यों है ?

भारतमत रिपोर्टर, भोपाल

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पूर्व पंचायत मंत्री कमलेश्वर पटेल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं के नाम बदलने को लेकर कहा कि यह केवल नाम बदलने की राजनीति नहीं, बल्कि महात्मा गांधी और भगवान राम दोनों के नाम का राजनीतिक दुरुपयोग है। पटेल ने कई मुद्दे पर सरकार को कटघरे में खड़ा किया।

पटेल ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने पंचायत विभाग में महात्मा गांधी ग्राम सेवा केंद्र शुरू किया था, लेकिन भाजपा सरकार ने उसका नाम बदलकर अटल ई-सेवा केन्द्र कर दिया। कमलेश्वर ने पूछा -आपको (भाजपा)महात्मा गांधी से इतनी चिढ़ क्यों है? हम इस नाम परिवर्तन की घोर निंदा करते हैं। पूर्व मंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, जिसे 2005 में यूपीए सरकार ने लागू किया था, उसका नाम बदलकर 'जीरामजी' कर दिया गया। उन्होंने सरकार को चुनौती देते हुए कहा– आपने जो नाम रखा है, उसका पूरा नाम बताइए। आधा-अधूरा नाम रखकर जनता को गुमराह क्यों किया जा रहा है? पटेल ने आरोप लगाया कि सरकार योजनाओं के नामकरण में भगवान राम के नाम का राजनीतिक इस्तेमाल कर रही है। जो नाम रखा है, वही नाम संबोधन करिए। इसमें भगवान का नाम कहां से आ गया? यह भगवान रामचंद्रजी का अपमान है। भाजपा भगवान के नाम पर राजनीति और झूठा दिखावा करती है और वही प्रवृत्ति योजनाओं के नामकरण में भी दिखती है। आपके मन में भगवान के प्रति सच्चा प्रेम नहीं, बल्कि राजनीतिक लाभ की भावना है।

# छिंदवाड़ा के बादल भारद्वाज का जलवा अब दक्षिण भारतीय सिनेमा में, जल्द आएंगे बड़े पर्दे पर नजर

भारतमत रिपोर्टर, भोपाल

***छिंदवाड़ा जिले की प्रतिभाएं अब सात समंदर पार ही नहीं, बल्कि देश के विभिन्न फिल्म उद्योगों में भी अपना परचम लहरा रही हैं। इसी क्रम में जिले के सिंगर और एक्टर बादल भारद्वाज ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। गायकी और अभिनय से दर्शकों का दिल जीतने वाले बादल अब जल्द ही साउथ इंडियन फिल्म इंडस्ट्री में अपनी अदाकारी का जादू बिखेरते नजर आएंगे।***



**सोशल मीडिया स्टार से फिल्मी पर्दे तक का सफर-** बादल भारद्वाज सोशल मीडिया, विशेषकर इंस्टाग्राम पर एक जाना-माना नाम हैं। उनके इंस्टाग्राम अकाउंट पर लाखों की संख्या में फॉलोअर्स हैं और उनकी रील्स को करोड़ों व्यूज मिलते हैं। सोशल मीडिया पर उनके इसी क्रेज और बेहतरीन अभिनय क्षमता को देखते हुए उन्हें दक्षिण भारतीय फिल्म के लिए साइन किया गया है।

**पूर्व में भी दिखा चुके हैं हुनर-** यह पहली बार नहीं है, जब बादल कैमरे के सामने आ रहे हैं। इससे पहले वेः शॉर्ट फिल्म 'भूमका' में अपने दमदार अभिनय की छाप छोड़ चुके हैं। अनेकों सुपरहिट म्यूजिक वीडियो एल्बम में बतौर मुख्य कलाकार और गायक काम कर चुके हैं। क्षेत्रीय कला और संस्कृति को बढ़ावा देने में भी उनका अहम योगदान रहा है। प्रशंसकों में भारी उत्साह बादल भारद्वाज के साउथ फिल्म में डेब्यू की खबर सुनते ही उनके प्रशंसकों और जिलेवासियों में खुशी की लहर है।

फिल्म विशेषज्ञों का मानना है कि बादल की मेहनत और उनके अभिनय का अनोखा अंदाज उन्हें बड़े पर्दे पर भी बड़ी सफलता दिलाएगा। फिलहाल फिल्म के नाम और अन्य स्टारकास्ट का खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन उम्मीद है कि जल्द ही इसका आधिकारिक ऐलान होगा।

आयोजन स्थल पर सामाजिक विचारों के साथ, लोकगीत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

# महाराजा खेत सिंह खंगार जूदेव की जयंती पर निकला विशाल चल समारोह

भारतमत संवाददाता, भितरवार



खंगार परिहार क्षत्रिय समाज के जननायक महाराजा खेत सिंह खंगार जूदेव जी की 1885 वीं जयंती महोत्सव का कार्यक्रम 25 दिसंबर गुरुवार को भितरवार नगर में एमकेएस सेना के सौजन्य से बड़े ही धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न राजनीतिक दलों के सामाजिक नेताओं की अगुवाई में समाज बंधुओ के द्वारा विशाल चल समारोह निकल गया जिसका जगह-जगह नगर वासियों के द्वारा जलपान कराकर और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। वही कार्यक्रम आयोजन स्थल पर सामाजिक विचार कार्यक्रम उपरांत झांसी उत्तर प्रदेश से आए लोकगीत कलाकारों ने लोक कला के अनूठेक नृत्य के साथ गीतों के माध्यम से आयोजन में शमाबांध दिया। जिसमें सामाजिक से लेकर अन्य कई सैकड़ो लोग शामिल हुए।

महाराजा खेत सिंह खंगार की जयंती महोत्सव को लेकर नगर के नया बस स्टैंड से विशाल चल समारोह शुरू किया गया जो नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए कार्यक्रम आयोजन स्थल नगर के वार्ड क्रमांक 5 शासन में स्थित मौनी वाले समाधि बाबा के देवस्थान पर पहुंचा जहां उसका समापन किया गया। इससे पूर्व नगर में निकाले गए चल समारोह में क्षेत्र भर के परिहार समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। तो चल समारोह में सामिल कई सैकड़ो लोगों के काफिले का सामाजिक स्तर से लेकर अन्य लोगों के द्वारा जलपान कराकर और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। वही कार्यक्रम आयोजन स्थल मौनी बाबा समाधि वाले बाबा देवस्थान पर चल समारोह का समापन किया गया। जहां जयंती महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल अपना दल पार्टी उत्तर प्रदेश के महासचिव ओंकार सिंह ठाकुर ने सामाजिक इतिहास के संबंध में उपस्थित समाज बंधुओ को अवगत कराया साथ ही समझ में फैली तमाम रूढ़िवादी परंपराओं को दूर करने के साथ सामाजिक एकता की बात कही। वही कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित वरिष्ठ भाजपा नेता कप्तान सिंह सहसारी ने कहा कि महाराजा खेत सिंह खंगार जूदेव एक अद्भुत योद्धा थे। जब मोहम्मद तुगलक ने गढ़कुंडार पर आक्रमण किया तो उन्होंने उसके दांत खट्टे कर दिए थे।गढ़कुंडार की धरती बहुत पवित्र है। यहां की खंगार क्षत्राणियों ने अपने स्वाभिमान व सम्मान की रक्षा के लिए हजारों की संख्या में जौहर किया था। साथ ही उन्होंने बताया महाराजा खेत सिंह कि वह वरदानी तलवार थी जो पत्थर को भी चीरकर निकल जाती थी। उनके पराक्रम को याद करने और समाज को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने की जरूरत है। समाज तभी विकास की मुख्य धारा से जुड़ेगा जब समाज का प्रत्येक बेटा- बेटी पूर्ण रूपेड़ शिक्षा प्राप्त करेगा। समाज में फैली तमाम सामाजिक रूढ़िवादी कुप्रथाओं वह बंद करने की जरूरत है और समाज के निर्मल व्यक्ति को भी समाज के बल शाली वर्ग के समान अधिकार प्राप्त हो। तभी समाज उन्नति और विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा। इस अवसर पर सामाजिक नेता रामू परिहार, जिला पंचायत सदस्य मुकेश परिहार इत्यादि के द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किए गए साथ ही महाराजा खेत सिंह खंगार जूदेव जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित और आरती उतार कर जयंती महोत्सव मनाया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से लोकगीत के कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें झांसी उत्तर प्रदेश से आए लोकगीत गायिका और रानी कुशवाह एवं बृजेंद्र गुर्जर के द्वारा स्थानीय लोक परंपराओं को प्रदर्शित करता हुआ नृत्य लोकगीतों के माध्यम से किया। इस अवसर पर काफी तादाद में क्षेत्रभर के समाज बंधु उपस्थित रहे।

# लखेश्वरी भाजपा मंडल ने मनाई अटल जी की 101 वीं जयंती



भारतमत संवाददाता, भितरवार

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की 101वीं जन्म जयंती कार्यक्रम का आयोजन भारतीय जनता पार्टी लखेश्वरी मंडल के द्वारा मंडल अध्यक्ष रामेश्वर सिंह रावत के भितरवार नगर स्थित निवास पर किया गया। जहां उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं और सामाजिक नेताओं के द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री श्री वाजपेयी जी को याद कर उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी गई।

## आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी जी के राष्ट्रहित में दिए गए योगदान को याद किया। साथ ही उनके विचारों और आदर्शों पर चलने का संकल्प भी लिया। इस दौरान लखेश्वरी मंडल के अध्यक्ष रामेश्वर सिंह रावत ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी जी देश के पूर्व प्रधानमंत्री थे, जिन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। वे सबसे लोकप्रिय नेताओं में से एक थे, और उनकी बातें बच्चों से लेकर बड़ों और युवाओं में जोश भरने का काम करती थी। उनका जन्म 25 दिसंबर 1924 में हुआ था। उनकी साहित्यिक रुचि, कविता प्रेम आज भी लोगों के लिए जीवंत है। 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन से जुड़े और 1991 भारतीय जन संघ में शामिल हुए। इसके बाद में पूरी तरह से राजनीति को समर्पित होकर जीवन पर्यंत तक कार्य करते रहे। इस दौरान जयंती उत्सव कार्यक्रम में शामिल महेंद्र शर्मा, राजकुमार दोंदेरिया, डॉ सुनील श्रीवास्तव, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष रामकुमार सेन,लव सिंह जाट, कुलदीप सिंह रावत, मेघ सिंह रावत, बृजेश ओझा के अलावा उपस्थित अन्य उपस्थित कार्यकर्ताओं ने अटल जी को नमन करते हुए उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनका जन्मदिन मनाया । इसी प्रकार नगर और ग्रामीण क्षेत्र में कई जगह अटल जी को नमन कर उन्हें याद किया गया।

# धूं-धूं करके जला ट्रांसफार्मर, मची अफरा- तफरी तो बाधित हुई बिजली सप्लाई

### सड़क से गुजरने वाले वाहनों के भी थमे पहिए, अचानक से लगी आग



**भितरवार।** गुरुवार की दोपहर तकरीबन 12.30 और 1 बजे के बीच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने डिवाइडर पर लगे ट्रांसफार्मर पर अचानक से आग लग गई और वह धूं-धूं करके आतिशबाजी जैसी चिंगारियां करते हुए जलने लगा जिससे सड़क पर चलने वाले लोगों के साथ ही आसपास रहने वाले लोगों और दुकानदारों में अफरा -तफरी मच गई। यहां तक की सड़क से गुजरने वाले वाहनों के पहिए सड़क पर जहां की तरह थम कर रह गए। इस दौरान 10से15 मिनट तक डिवाइडर पर लगे ट्रांसफार्मर पर इसी प्रकार का नजारा देखने को मिला जिससे भयभीत होकर कई दुकानदार तो अपनी दुकानों को छोड़कर सुरक्षित दूर जाकर खड़े हो गए। इस दौरान अचानक लगी आग की चपेट में आने से विद्युत केबल लाइन भी जल गई जिसके चलते भितरवार सामुदायिक अस्पताल के अलावा वार्ड क्रमांक 3 और 8 की बिजली आपूर्ति सेवा ढाई से 3 घंटे तक प्रभावित रही।

बतादें की नगर के भितरवार ग्रामीण घाटमपुर फीडर के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और पुलिस थाना इत्यादि के अलावा आधे नगर वासियों को बिजली आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए सड़क के बीचो-बीच बने डिवाइडर पर लगे खंभों से होकर आई 11 केवीए की लाइन का सामुदायिक का जम्फर अचानक से टूटकर गिरा और वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने डिवाइडर पर लगे ट्रांसफार्मर के सपोर्टिंग गाटर से टकरा गया। सपोर्टिंग गाटर से टकराए जम्फर से ऐसी आग लगी की वहां देखने वाले आर्चभित हो गए भड़ा - भड़ की तेज आवाज के साथ वहां दीपावली के पटाखे की रोशनी की तरह जलते हुए नजर आए। जिन्हें देखकर लोगों में अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। इस दौरान कई दुकानदार अपने प्रतिष्ठानों को छोड़कर बिजली की लाइनों से सुरक्षित होकर सुरक्षित स्थानों पर भाग खड़े हुए। तो सड़कों पर गुजरने वाले वाहनों के वहीं की वहीं पहिए थम कर रह गए। इस दौरान अचानक लगी आग से ट्रांसफार्मर के यहां लगी बिजली की केबल लाइन भी चपेट में आ गई जो पूरी तरह जलकर खराब हो गई। वही आग लगने की सूचना लगने के बाद बिजली कंपनी के द्वारा तत्काल सप्लाई बंद की गई तब कहीं जाकर लोगों को राहत मिली और सड़क पर जो वाहन थम कर रह गए थे वह अपने गंतव्य तक रवाना हुए। वहीं सूचना लगने के बाद बिजली कंपनी के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और उन्होंने ढाई से 3 घंटे की कड़ी मस्कत के बाद मेंटेनेंस करके बिजली आपूर्ति सेवा शुरू की इस दौरान लगभग उपभोक्ताओं को 3 घंटे तक बिजली आपूर्ति सेवा बाधित होने का सामना करना पड़ा।

# मानव सेवा कर अटलजी का जन्म दिन मनाना उनके उद्देश्यों अनूसरण है : तोमर



भारतमत संवाददाता, ग्वालियर

भारत रत्न अटलजी के जन्मदिन पर गुरु देव चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा रत्न ज्योति नेत्रालय के सहयोग से आयोजित निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं लैन्स प्रत्यारोपण शिविर स्व आशा देवी जैन नैत्र परीक्षण एवं परामर्श केंद्र बिरला नगर ग्वालियर पर अटल जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करते हुए रामू भईया तोमर ने अपने उद्बोधन में कहा आज हम सभी उस महापुरुष का जन्म दिन मना रहे।जो देश उत्थान एवं मानव सेवा राष्ट सेवा की आज गुरु देव चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नि- शुल्क नेत्र परीक्षण एवं लैन्स प्रत्यारोपण शिविर लगाकर वास्तविक रूप से अटलजी के उद्देश्यौ का अनुसरण है।आज शिविर में 579 नेत्र परीक्षण कर 304 लैन्स प्रत्यारोपण हेतु चंयन रतन ज्योती नेत्रालय की चिकित्सकीय टीम द्वारा किया गया कार्यक्रम का संचालन रामबाबू अग्रवाल स्वागत अशोक जैन ने किया इस अवसर पर राजकुमार गर्ग फतेह बाबा, मुकेश सिंघल, वेदप्रकाश बंसल, अशोक शर्मा,शीला जैन,धुव अग्रवाल, अनूप गोयल, जवाहर लाल जैन उपस्थित थे।

# क्रांतिकारी उधम सिंह की जयंती मनाई



भारतमत संवाददाता, ग्वालियर

आज ग्वालियर में वीर शहीद क्रांतिकारी उधम सिंह जी की 126वीं जयंती उधम सिंह समन्वय एवं मानव सेवा समिति तथा भाजपा महाराणा प्रताप मंडल के संयुक्त तत्वधान में मनाई गई जिसमें मुख्य रूप से मध्य प्रदेश शासन के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर जी भाजपा जिला अध्यक्ष जयप्रकाश राजोरिया जी पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल जी समिति अध्यक्ष पुरुषोत्तम बनोरिया मंडल अध्यक्ष आंसू श्रीवास पूर्व सदा अध्यक्ष जयसिंह कुशवाह जी एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य जितेंद्र गुर्जर आदि शामिल रहे।

# महामना से युवा पीढ़ी प्रेरणा लें - रामबाबू सेन

### 12 हिन्दू महासभाई सम्मानित, 7 ने ली सदस्यता

भारतमत संवाददाता, ग्वालियर



अखिल भारत हिन्दू महासभा के संस्थापक,भारत रत्न महामना मदन मोहन मालवीय जी की 165 वीं जयंती एवं तुलसी दिवस पर 25 दिसंबर को हिन्दू महासभा भवन दौलतगंज लश्कर पर 12 हिन्दू महासभाईयों का अखिल भारत हिन्दू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष रामबाबू सेन जी के मुख्य आतिथ्य में तथा जिला अध्यक्ष लोकेश शर्मा जी की अध्यक्षता में सम्मानित किया गया । जिसमें हिन्दू महासभा के कर्मठ, लग्न शील पवन गुप्ता, आनंद माहौर, ब्रह्म दत्त पाण्डेय, हेमराज जाटव, धर्मेंद्र बरेलिया राहुल गुप्ता, योगेंद्र दीक्षित, देवेन्द्र कुमार पाठक, डॉ मुन्नालाल शर्मा, रोहित जाटव, ओमप्रकाश प्रजापति को भगवा अंगवस्त्र, तुलसी, स्मृति चिन्ह महामना जी को भैंटकर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि आसन्न से रामबाबू सेन ने कहां कि महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी ने सनातन धर्म संस्कृति की रक्षा के साथ-साथ शिक्षा विद, वकील ,कुशल राष्ट्रभक्ति का नेतृत्व करते हुए काशी हिंदू विश्वविद्यालय की बनारस में स्थापना की । हिंदू महासभा को पूरे देश में शक्तिशाली किया । आज के नेता उनकी उपेक्षा कर रहे हैं। हैदराबाद के निजाम ने महामना को अपमानित किया था,काशी हिंदू विश्वविद्यालय के लिए महामना मदन मोहन मालवीय जी उनसे आर्थिक सहयोग लेने गए तब निजाम ने उन्हें जूता फेंक कर मारा तो उन्होने उस जूते को उठाकर सार्वजनिक रूप से उसका नीलामी कर उससे प्राप्त धन को भी विश्वविद्यालय निर्माण में लगाया। युवा पीढ़ी को महामना मदन मोहन मालवीय जी से उनके कार्यो से राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा लेनी चाहिए। अध्यक्ष आसन्न से जिला अध्यक्ष लोकेश शर्मा ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्याएं हो रही है केंद्र सरकार को तुरंत हस्तक्षेप कर पुख्ता इंतजाम करना चाहिए जिससे हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। हिन्दू समाज को तोड़ने वाले आई ए एस संतोष वर्मा को तत्काल बर्खास्त किया जाना चाहिए। युवा नेता रोहित जाटव ने आज साथ नए 7 को अखिल भारत हिंदू महासभा की सदस्यता ग्रहण कराई । सदस्यता ग्रहण करने वालों में जतिन जाटव ,अनुराग जाटव ,शुभम जाटव ,ओमप्रकाश , रामबाबू,कृष्ण कुमार मुख्य हैं।

# अभ्युदय ग्रोथ समिट के बाद नगर निगम की तत्परता, मेला ग्राउंड को किया साफ व स्वच्छ

भारतमत संवाददाता, ग्वालियर



ग्वालियर मेला ग्राउंड में केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह के मुख्य आतिथ्य एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आयोजित अभ्युदय मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट के सफल समापन के उपरांत नगर निगम ग्वालियर द्वारा कार्यक्रम स्थल की तत्काल सफाई कर उसे ग्वालियर गौरव दिवस के भव्य आयोजन हेतु तैयार किया गया।नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय एवं अपर आयुक्त श्री टी. प्रतीक राव के निर्देशन में नगर निगम द्वारा शहर को साफ एवं स्वच्छ बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। ग्रोथ समिट जैसे राज्य स्तरीय आयोजन के लिए शहर के सभी क्षेत्रों में व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया तथा शहर में पधारे अतिथियों, लाभार्थियों एवं हितग्राहियों के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई। समिट में सम्मिलित अतिथिगण एवं हजारों लाभार्थियों ने नगर निगम की व्यवस्थाओं की सराहना की। वहीं 25 दिसंबर को आयोजित ग्वालियर गौरव दिवस को लेकर नगर निगम के स्वास्थ्य अमले ने तत्परता से कार्य करते हुए कार्यक्रम स्थल को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित बनाया।

# जेयू ने विद्यार्थियों ने किया कूनो चीता अभ्यारण का भ्रमण

### विस्थापित लोगों की रिपोर्ट विभाग में सौंपेंगे





भारतमत संवाददाता, ग्वालियर

ग्वालियर। जीवाजी विश्वविद्यालय के राजनीति एवं लोक प्रशासन अध्ययनशाला के छात्र छात्राओं ने विभागाध्यक्ष डॉ. शांतिदेव सिसोदिया के निर्देशन में कूनो चीता अभ्यारण का शैक्षणिक भ्रमण किया। भ्रमण में छात्र छात्राओं ने देखा कि चीता परियोजना के बाद मध्यप्रदेश वन्य जीव संरक्षण के लिए कौन-कौन सी पर्यावरणीय यहां के विस्थापित लोगों के लिए लागू की है और इसके परिणामस्वरूप यहां की जनता पर राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक रूप से क्या प्रभाव पड़ा। इन सभी बिन्दुओं पर छात्र अपनी रिपोर्ट विभाग को प्रस्तुत करेंगे। इस मौके पर डॉ. मुक्ता जैन, डॉ. आनंद सिंह धाकड़, डॉ. रेणु गर्ग, शुभम राजोरिया, योगेश गुर्जर, अजय, तनुश्री मंडेरिया, कुमकुम, मानसी, हिमांशी, मेघा, साक्षी, शिवम, साची, पारस, अभिषेक आदि मौजूद रहे।

# वीर बाल दिवस पर निकलेगा जागृति मार्च

**ग्वालियर।** सिक्खों के दसवें गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों को इस दिन जीवित दीवार में चुनवा दिया गया था। यह भारत के इतिहास की निर्भीक शहादत कही जाती है। भारतीय जनता पार्टी ग्वालियर महानगर द्वारा 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस पर प्रातः 10.30 बजे गुरुद्वारा फालका बाजार से जागृति मार्च प्रारंभ होगा। यह जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजौरिया ने दी। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजौरिया ने बताया कि 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस पर प्रातः 10.30 बजे गुरूद्वारा फालका बाजार से जागृति मार्च प्रारंभ होगा जो विभिन्न मार्गो से होता हुआ फूलबाग गुरूद्वारा जाएंगी। पार्टी द्वारा गठित जिला टोली फालका बाज़ार गुरुद्वारा से जागृति मार्च के साथ फूलबाग गुरुद्वारा जाएगी। उन्होंने बताया कि जागृति मार्च का विभिन्न से निकलने पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा। श्री राजौरिया ने पार्टी कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों से जागृति मार्च में भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह है।

सम्पादकीय

# भारतीय घरों में जमा 35,000 टन सोने पर सरकार की नज़र

सवाल यह है, कि क्या यह सोना वास्तव में 'डेड मनी' है, या भारतीय समाज की आर्थिक और सामाजिक रीढ़ है? सरकार से जुड़े कुछ आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि घरों में पड़ा सोना यदि औपचारिक अर्थव्यवस्था का हिस्सा बन जाए, तो इससे कई फायदे हो सकते हैं। प्रस्तावित विचारों में प्रत्येक परिवार के लिए सोने की अनिवार्य घोषणा, एक सीमा से अधिक सोने पर टैक्स, और मूल्य वृद्धि पर 30 प्रतिशत तक आयकर लगाने जैसे सुझाव शामिल हैं। सरकार को यह सुझाव भी दिया गया है, कि गोल्ड फानिटाइजेशन स्कीम लाकर गोल्ड लीजिंग को अनुमति दी जाए। घरों में जमा सोने और आभूषणों को बैंक में जमा करके 2 से 5 फीसदी का रिटर्न जमा करने वालों को दिया जाए। इसका फायदा भारत की जीडीपी को बढ़ाने में मिलेगा। वहीं डेड सोने से आय का विकल्प आम जनता को मिलेगा। काले धन के रूप में जमा सोने के लिए माफी योजना लाने की बात भी सामने आई है। तर्क दिया जा रहा है कि यदि यह सोना बैंकिंग और सरकारी प्रणाली में आता है, तो सरकार का राजस्व बढ़ेगा, रिजर्व बैंक की बैलेंस शीट मजबूत होगी, विदेशी मुद्रा भंडार को सहारा मिलेगा और सरकार की कर्ज पर निर्भरता कम होगी। इसके साथ ही बैंकों की ऋण देने की क्षमता बढ़ेगी, जिससे आर्थिक विकास को गति मिलेगी। आर्थिक दृष्टि से देखें, तो यह तर्क पूरी तरह निराधार नहीं है। भारत जैसे विकासशील देश के लिए घरेलू संसाधनों का बेहतर उपयोग आवश्यक है। वैश्विक स्तर पर मजबूत स्थिति, अंतरराष्ट्रीय संस्थानों से सस्ते कर्ज की संभावना और औद्योगिक निवेश को बढ़ावा–ये सभी सरकार के लिए आकर्षक लक्ष्य हैं। अर्थव्यवस्था केवल आंकड़ों और बैलेंस शीट से नहीं चलती, वह समाज की संवेदनाओं और परंपराओं से भी जुड़ी होती है। यहीं पर इस प्रस्ताव का सबसे बड़ा खतरा सामने आता है। भारतीय परिवारों के लिए सोना महज निवेश का साधन नहीं है, बल्कि सामाजिक सुरक्षा का आधार है। शादी-विवाह, चिकित्सा आपातकाल, बच्चों की शिक्षा या किसी भी संकट के समय यही सोना अंतिम सहारा बनता है। विशेष रूप से महिलाओं के लिए आभूषण 'स्त्री धन' माना जाता है, जो उन्हें आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करता है। इसके तार भारतीय बचत की परंपरा से जुड़ते हैं। पीढ़ी दर पीढ़ी विरासत में मिले ये आभूषण भावनात्मक रूप से भी परिवारों से जुड़े होते हैं। ऐसे में उन पर टैक्स लगाना या अनिवार्य घोषणा करना कई लोगों को अन्यायपूर्ण प्रतीत होगा। आलोचकों का कहना है कि यदि किसी निम्न या मध्यम वर्गीय परिवार के पास 100 से 150 ग्राम सोना है, जिसकी वर्तमान कीमत 12 से 20 लाख रुपये तक हो सकती है, उस पर टैक्स लगाना व्यावहारिक नहीं होगा। इससे न केवल मध्यम और निम्न वर्ग की आर्थिक स्थिति पर दबाव पड़ेगा, बल्कि उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा भी प्रभावित हो सकती है। टैक्स चुकाने के लिए लोगों को कर्ज लेना पड़ सकता है, जो उनकी आर्थिक असुरक्षा को और बढ़ाएगा।

> *भारतीय परिवारों के घरों में जमा लगभग 35,000 टन सोने के भंडार को लेकर एक बार फिर सरकारी गलियारों में बहस तेज हो गई है। आभूषणों और अन्य रूपों में मौजूद इस सोने की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 5 ट्रिलियन डॉलर, यानी लगभग 415 लाख करोड़ रुपये बताई जा रही है। यह आंकड़ा दुनिया के कई देशों के केंद्रीय बैंकों के स्वर्ण भंडार से भी अधिक है। ऐसे में भारत सरकार और उसके नीति सलाहकारों की नजर इस विशाल संपदा पर पड़ना स्वाभाविक है।*

अटल जी की मेहनत....

■ संजय गोस्वामी



# अटलजी जैसा देश भक्त क़ोई नहीं




मात्र 2 सीट से सत्ता तक पहुंचना अटलजी की मेहनत ही पार्टी को आज सत्ता के शिखर तक ले आई है क्योंकि जड़ तो उन्होंने ही मजबूत किया। ब तक का सबसे महान प्रधानमंत्री स्व अटलजी हैं उस समय 1985 के दौर में कांग्रेस की ऐसी ,सुनामी थी कि कितनी पार्टी ने अपना वजूद ही को दिया सिख दंगा और इंदिरा गांधीजी की सिखों की हत्या के बाद स्व राजीव गाँधी के नेतृत्व में चुनाव 1985 में बीजेपी को मात्र दो सीट मिले और कितनी पार्टियों की जमानत जप्त हो गई थी बीजेपी में मायुषी थी विपक्ष था ही नहीं क्योंकि कांग्रेस जो राजीव गांधीजी सरकार विपक्ष का नामो निशान मिट गया क्योंकि कांग्रेस को ही 470 सीट मिले उस समय बीजेपी कहाँ थी फिर भी अटलजी ने काफी मेहनत की मुझे याद है की पटना में 1987 के दौर में अटलजी जब पटना सिटी के मंगलतालाब में धोती कुर्ता पहनकर भाषण देने आते थे तो फ़िल्म स्टार शत्रुधन सिन्हा भी साथ रहते थे और लोग शत्रुधन सिन्हा को देखने काते थे और मुझे दादाजी ने अटलजी के साथ मिलाया और पानी चाय का इंतजार करता था और शथुधन सिन्हा डायलॉग बोलते और बाद में अटलजी का भाषण सुन कर लोग मन्त्रमुखद्ध यानि काफी उत्साह में रहते थे 1990 के चुनाव में स्व बी पी सिंह ने कांग्रेस में बोफोर्स का मुद्दा उछला और उसी पर टूट पड़े लेकिन उस समय बीजेपी ने वह मुद्दा नहीं राममंदिर का मुद्दा उठाया था 1990 के चुनाव में कॉंग्रेस अल्पमत में आई लेकिन सत्ता के लिए कुछ ही सीटों का अंतर था लेकिन स्व राजीव गांधीजी ने जोड़ तोड़ ना कर सरकार नहीं बनाई और पहली बार गैर कांग्रेस के जनता दल और अन्य पार्टियों के सहयोग से बी पी सिंह प्रधानमंत्री बने लोंगो में काफी उत्साह था लेकिन यही राजनीती में देश में मंडल कमीशन की आग में बी पी सिंह ने झोक दिया नतीजा बीजेपी ने कमंडल की राजनीती की और लाल कृष्ण आडवाणी ने सोमनाथ से अयोध्या के लिए रथ निकाला और उसे देखने दादाजी के साथ मै भी गया काफी भीड़ थी और जैसे ही बिहार में लालूजी की सरकार ने रथ रोका वैसे ही बीजेपी ने जो उस समय बाहर से समर्थन डे रही थी जिसके पास 85 सांसद थी समर्थन बापस लिया और सरकार गिरी उसके बाद जनता दल ही टूट गई और कांग्रेस ने बाहर से समर्थन दे कर जब जनता दल टूटी तो मात्र 90 सांसद के साथ कांग्रेस के समर्थन से चंद्रशेखर को भी प्रधानमंत्री बनाया इसतरह कांग्रेस की छवि ख़राब हुई और लोंगो का जनता दल से भरोसा उठा और 1991 में राजीव गांधीजी की हत्या हुई और यहीं से देश गरबड़ा गया बाद में चुनाव में बीजेपी उतनी सीट तो नहीं ला पाई लेकिन कांग्रेस को बहुमत के अंको से 4 - 6 ही कम था इसलिए कुछ पार्टियों को तोड़कर कांग्रेस ने नरसिंघाराव को प्रधानमंत्री बनाया क्योंकि सोनिया गाँधी पर शरद पवार जो उस समय पार्टी के गद्दावर नेता थे ने विदेशी कहकर सोनिया के प्रधानमंत्री बनने के मनसूबे पर पानी फेर दिया और 1991 में राजीव गाँधी की हत्या के बाद नरसिंघाराव प्रधानमंत्री बने उस समय बीजेपी को 120 सीट मिले थे 6 दिसंबर 1992 को बाबरी मस्जिद को गिराने में बी जे पी की अहम भूमिका थी और बाद में जब 1996 में चुनाव हुए तो बीजेपी को 165 सीट मिली और सबसे बड़े दल होने के नाते राष्ट्रपति ने सरकार बनाने का निमंत्रण बीजेपी ने सरकार बनाई और मात्र 13 दिनों में ही सरकार गिर गई बाद में कांग्रेस ने कभी देवगौड़ा, कभी गुजरात को समर्थन देकर सरकार बनाई और प्रधानमंत्री बनने का दौर चलता रहा बाद में राष्ट्रपति शासन लगा और और 1998 में बीजेपी ने एक एनडीए गठबंधन बनाया , और एन डी ए में जेडी यू, शिव सेना, अकाली दल, तृणमूल कांग्रेस, ऐआईआईडीएमके आदि पार्टी शामिल थी और एनडीए को बहुमत मिली और बाजपेई जी प्रधानमंत्री बने प्रधानमंत्री बनने के बाद सबसे बड़ा और एक ऐसा कदम उठाया जो क़ोई भी पूर्व प्रधानमंत्री नहीं कर पा रहा था 11 मई 1998 को पोखरण में परमाणु परीक्षण देश में उनके प्रति जो विज्ञान के प्रति विश्वास पैदा हुए और वैज्ञानिक का विश्वास उन पर काफी अधिक था और ऐ निर्णय अमेरिका के दबाब के बाद लिया गया ऐ क़ोई भी प्रधान मंत्री नहीं कर पाया और आगे क़ोई भी नहीं कर पायेगा क्योंकि पार्टी सोचेगी इससे हमें क्या फायदा होगा आज कागजी शेर मीडिया और कितने न्यूज़ पेपर के दया दृष्टि से भले ही किसी को अजेय और प्रधान मंत्री की तुलना भगवान से कर दे लेकिन हकीकत में अटलजी ने उस समय किया वो इतिहास में दर्ज हो गया ना तो उन्होंने किसी विपक्षी पार्टी को तोड़ कर सरकार बनाने की कोशिश की ना ही किसी भी भाषण में किसी विपक्ष की पार्टी पर व्यक्तिगत आरोप लगाए और देश हित में काम किया इसलिए 1999 में पहाड़ी चोटी कारगिल में आतंकवादी ने बर्फ़ीली पहाड़ी पर कब्ज़ा किया तो उसका डट कर मुकाबला किया और जीत गए बाद में जब ए आई डी एम के नेता जय ललिता ने 1999 में समर्थन बापस लेने के बाद मात्र 1वोट से सरकार गिर गई उस समय प्याज़ के दाम भी बढ़े लेकिन उसके बाद 1999 में चुनाव में एनडीए को पूर्ण बहुमत मिला और 2004 तक बाजपेई जी प्रधानमंत्री रहें और देशहित में निर्णय या किसी विदेशी दबाब में क़ोई काम नहीं किया अपने सहयोगी दलों को भी बड़ा मंत्रालय दियाअपनी पार्टी में भी सबको मौका दिया इसलिए उन्होंने उस समय गुजरात में बीजेपी में मुख्यमंत्री पद के आपसी झगड़े को ख़त्म करने के लिए ही नरेंद्र मोदीजी को गुजरात का मुख्यमंत्री बनाया था और जब 2004 के बाद के चुनाव 2009 में खुद पीछे हटकर लाल कृष्ण आडवाणी को एनडीए में प्रधानमंत्री बनाने के लिए काफी प्रयास किए और 10 साल तक बीजेपी सत्ता से बाहर रही लेकिन बाजपेई उस समय राजनीति से किनारा कर कविता में मस्त रहें क्योंकि अपने शासन काल में देश हित में जो किया वो क़ोई भी प्रधानमंत्री नहीं कर सकता है जो था पोखरण में 1998 में परमाणु परीक्षण जो देश के लिए बहुत जरुरी था आज उनके नाम से लोगों में एक आत्मविश्वास जाग जाता है, विदेशी ताकतों से लड़ने का आत्मबल बढ़ जाता है। देश के प्रति एक ऐसी ही भावना थी कि अपनी ताकत दुनिया को दिखलाने हेतु उन्होंने ऐ परमाणु परीक्षण किया था जिससे हमारे परोसी दुश्मन पाकिस्तान और चीन डर भी गया था उनकी 101 वीं जयंती पर उनको नमन और शुभकामनायें।

राजनीति...

■ कृष्ण मोहन झा

# अमित शाह का संकेत और मध्यप्रदेश की नई सत्ता व्यवस्था



भारतीय राजनीति में कई बार सबसे निर्णायक घटनाएँ भाषणों से नहीं, बल्कि मौन बैठकों और प्रतीकात्मक संकेतों से तय होती हैं। ग्वालियर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का हालिया दौरा भी इसी श्रेणी में आता है। इसे केवल एक सरकारी कार्यक्रम या विकास केंद्रित आयोजन मानना राजनीतिक दृष्टि से भारी भूल होगी। दरअसल, यह दौरा मध्यप्रदेश की भविष्य की सत्ता-संरचना और नेतृत्व के स्थायित्व पर अंतिम मुहर लगाने वाला साबित हुआ है।

ग्वालियर के ताज होटल के मराठा सूट में अमित शाह और वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय के बीच हुई एकांत चर्चा, उसके बाद प्रदेश के अन्य दिग्गज नेताओं से अलग-अलग संवाद, और फिर मंच से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मुक्त कंठ से की गई प्रशंसा–यह पूरा क्रम किसी संयोग का परिणाम नहीं था। यह एक सुनियोजित राजनीतिक पटकथा थी, जिसका उद्देश्य भोपाल की राजनीति को यह स्पष्ट रूप से समझाना था कि अब सत्ता की धुरी, दिशा और निर्णय केंद्र कहां स्थित है।

कैलाश विजयवर्गीय केवल एक वरिष्ठ नेता नहीं हैं, बल्कि वे भाजपा के उस वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसने संगठन और सरकार–दोनों में शक्ति संतुलन के कई दौर देखे हैं। अमित शाह के साथ उनकी एकांत बैठक को इस दृष्टि से देखना चाहिए कि पार्टी नेतृत्व अब पुराने अनुभव और नए नेतृत्व के बीच किसी भी प्रकार की असमंजस की स्थिति को समाप्त करना चाहता है।

इसके बाद मंच से मुख्यमंत्री मोहन यादव की जिस तरह प्रशंसा की गई, वह केवल उनके कार्यों की सराहना नहीं थी। वह उन सभी राजनीतिक अटकलों पर विराम था, जो यह मानकर चल रही थीं कि नेतृत्व का केंद्र कहीं और से संचालित हो सकता है। दिल्ली ने यह साफ कर दिया कि मध्यप्रदेश में अब सत्ता का एक ही चेहरा है मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव।

अमित शाह की शैली को समझने वाले जानते हैं कि वे सार्वजनिक मंच से बिना कारण किसी की तारीफ नहीं करते। उनकी हर प्रशंसा के भीतर संगठनात्मक अनुशासन का संदेश छिपा होता है। ग्वालियर से दिया गया यह संदेश केवल मुख्यमंत्री के समर्थन का नहीं था, बल्कि पार्टी के भीतर मौजूद सभी संभावित शक्ति-केंद्रों के लिए भी था।

यह संकेत था कि अब समानांतर राजनीति, अलग-अलग गुटों की सक्रियता या व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं के लिए सीमित स्थान है। हाईकमान चाहता है कि प्रदेश में राजनीति समन्वय, स्पष्ट नेतृत्व और अनुशासन के सिद्धांत पर आगे बढ़े।

राजनीतिक हलकों में यह चर्चा तेज है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव को अब 'फ्री हैंड' मिलने जा रहा है। लेकिन इसका अर्थ केवल प्रशासनिक स्वतंत्रता तक सीमित नहीं है। राजनीति में फ्री हैंड का मतलब होता है–

निर्णय लेने की पूरी स्वतंत्रता,

और उन निर्णयों की पूरी जवाबदेही।

यह वही भरोसा है, जो केंद्रीय नेतृत्व केवल तब देता है, जब उसे लगता है कि नेतृत्व प्रयोग नहीं, बल्कि दीर्घकालिक निवेश* है। अमित शाह का खुला समर्थन इस बात का संकेत है कि पार्टी अब मध्यप्रदेश में अस्थिरता या प्रयोग की राजनीति से आगे बढ़कर स्थायित्व चाहती है।

अब सवाल यह नहीं है कि मुख्यमंत्री कौन है–यह तय हो चुका है। असली सवाल यह है कि भविष्य के सत्ता-समीकरण कैसे आकार लेंगे।

पहला, संगठन और सरकार के बीच संतुलन अब स्पष्ट रूप से मुख्यमंत्री के पक्ष में झुका हुआ दिखाई देता है। इसका मतलब यह नहीं कि संगठन कमजोर होगा, बल्कि यह कि संगठनात्मक निर्णय और सरकारी निर्णय एक ही दिशा में चलेंगे।

दूसरा, वे नेता जो अब तक अपने राजनीतिक भविष्य को लेकर असमंजस में थे, उन्हें यह संदेश मिल चुका है कि आगे बढ़ने का रास्ता मुख्यमंत्री के साथ समन्वय से होकर ही जाता है। अलग-थलग चलने की राजनीति अब लाभकारी नहीं रहेगी।

तीसरा, मंत्रिमंडल और प्रशासनिक संरचना में भी आने वाले समय में ऐसे संकेत दिख सकते हैं, जो यह दर्शाएँ कि मुख्यमंत्री को नीतिगत और प्रशासनिक फैसलों में अधिक स्वतंत्रता दी जा रही है। यह बदलाव धीरे-धीरे लेकिन स्थायी होगा।

दिल्ली से आया यह संदेश भोपाल की राजनीति के लिए एक साथ अवसर भी है और चेतावनी भी। जो नेता इस संकेत को समय रहते समझ लेंगे, वे सत्ता के केंद्र में बने रहेंगे। जो इसे अनदेखा करेंगे, उनके लिए राजनीतिक हाशिये पर जाने का खतरा बढ़ेगा।

राजनीति में सबसे बड़ा जोखिम अस्पष्टता होती है। ग्वालियर में अमित शाह ने उसी अस्पष्टता को समाप्त किया है। अब यह साफ है कि आने वाले समय में मध्यप्रदेश की राजनीति एक नेतृत्व, एक निर्णय केंद्र और एक दिशा के सिद्धांत पर आगे बढ़ेगी।

दिल्ली ने अपना संदेश दे दिया है। अब भोपाल की राजनीति की परीक्षा है। सवाल अब 'कौन मुख्यमंत्री है' का नहीं, बल्कि 'कौन इस नेतृत्व के साथ कैसे खड़ा होता है' का है।

राजनीति में जो संकेत समय पर पढ़ लेता है, वही भविष्य का हिस्सा बनता है।

बाकी–सत्ता की कहानी में केवल संदर्भ बनकर रह जाते हैं।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनैतिक विश्लेषक हैं )**

चिंतन-मनन

## मुक्ति की तलाश



जापान में नानहेन नामक एक परम ज्ञानी फकीर थे। एक दिन एक व्यक्ति उनके पास पहुंचकर बोला, मैं संन्यास लेना चाहता हूं। इसके लिए मैंने अपने घर-परिवार, रिश्ते-नाते सब को तिलांजलि दे दी है। फकीर ने पूछा, क्या तुम बिल्कुल अकेले हो? तुम्हारे साथ वास्तव में कोई नहीं है। व्यक्ति बोला, आप मेरे आगे-पीछे देख लीजिए, आपको कोई नहीं मिलेगा। फकीर बोले, अपनी आंखें बंद करो। अंदर झांककर देखो कि वहां कोई और तो नहीं है? जाओ, कुछ देर के लिए वटवृक्ष की छाया में बैठकर सोचो। थोड़ी देर बाद आना।

वह व्यक्ति वटवृक्ष की छाया में बैठकर ध्यान करने लगा। जब उसने आंखें बंद कीं तो उसे अपने वृद्ध माता-पिता, पत्नी और बच्चों की छवि नजर आने लगी। वह चिंतित हो गया। घबराकर उसने अपनी आंखें खोलीं तो फकीर को अपने पास खड़ा पाया। व्यक्ति ने कहा, मैं तो अपना परिवार, नाते-रिश्ते सब पीछे छोड़ आया था, लेकिन यहां पर आंखें बंद करते ही उनकी छवि सामने घूम रही है। इस पर फकीर बोले, ध्यानमग्न होकर उन व्यक्तियों को अपने दिमाग से निकालने का प्रयत्न करो। कुछ देर बाद मेरे पास आना। दो घंटे बाद युवक ने फकीर का दरवाजा खटखटाया तो फकीर बोले, कौन है? युवक बोला, मैं हूं। फकीर ने कहा, अभी भी तुम अकेले नहीं हो। तुम्हारा मैं तुम्हारे साथ है। अगर तुम इस मैं और भीड़ को छोड़ सको तो फिर यहां आने की जरूरत ही नहीं रह जाएगी। तुम मैं से मुक्ति पा लो तो फिर संन्यास लेने का भी कोई अर्थ नहीं रह जाएगा। व्यक्ति ने फकीर की बात समझ ली।

### मेष
आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है, क्योंकि आपकी अच्छे कामों से एक नई पहचान बनेगी और यदि कोई शारीरिक समस्या थी, तो उसमें भी सुधार होता दिख रहा है। आपके परिवार में सदस्य काम को लेकर आपका पूरा साथ देंगे, जिससे आपको खुशी होगी। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी के साथ कहीं घूमने जाने के प्लानिंग कर सकते हैं। आपको किसी विरोधी की बातों में आने से बचना होगा।

### वृष
आज का दिन आपके लिए तरक्की की राह पर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। राजनीति में कार्यरत लोगों को कुछ नये संपर्कों से मिलकर फायदा होगा। परिवार के सदस्यों के साथ आज आप कुछ समय व्यतीत करेंगे, जिससे आपको पारिवारिक कलह को भी दूर करने का मौका मिल सकता है। आपको अनजान लोगों से दूरी बनाकर रखना बेहतर रहेगा। विद्यार्थी शिक्षा में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है, जो आपको खुशी देगी।

### मिथुन
आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आप काम को लेकर काफी व्यस्त रहेंगे और आपका इधर-उधर आना-जाना भी लगा रहेगा, लेकिन खर्चे में भरपूर रहेंगे। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी के लिए कोई उपहार लेकर आ सकते हैं। आपको अपने काम को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। आप किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद के लिए आगे आएंगे और आप सामाजिक कार्यक्रमों में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे, जिससे आपकी छवि और निखरेगी।

### कर्क
आज का दिन आपके लिए पद-प्रतिष्ठा को बढ़ाने वाला रहेगा। जीवनसाथी के साथ आपको तालमेल बनाकर चलने की आवश्यकता है, जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं। वैवाहिक जीवन में आपको थोड़ा तालमेल बनाकर चलना होगा। माता-पिता की सेहत को लेकर आप थोड़ा एतियात बरतें। आप कहीं घूमने-फिरने जाए, तो अपने कीमती सामानों की सुरक्षा अवश्य करें।

### सिंह
आज का दिन आपके लिए छुटपुट लाभ के अवसरों पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह ना बोले और वाणी की सौम्यता बनाए रखें। ससुराल पक्ष का कोई व्यक्ति आपसे मेल-मिलाप करने आ सकता है। छोटे बच्चे आपसे किसी चीज की फरमाइश कर सकते हैं, जिसे आप पूरा अवश्य करेंगे। आपकी इनकम बढ़ने से आपको खुशी होगी। आप अपनी बुद्धि और विवेक से निर्णय लेकर सभी लोगों को हैरान करेंगे।

### कन्या
आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपको किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। आपको अपने आसपास रहने लोगों को पहचान कर चलना होगा, क्योंकि आपके कुछ मित्र के रूप में शत्रु हो सकते हैं। आप अपनी जिम्मेदारियां को लेकर लापरवाही बिल्कुल ना दिखाएं। आपको किसी दूर रहना एक परिजन से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपके घर आज किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल अच्छा रहेगा।

### तुला
आज राजनीति मे कार्यरत लोगों को कोई बड़ा पद मिलने से खुशी होगी, लेकिन काम का प्रेशर भी उतना ही अधिक रहेगा। आपको अपनी आय को बढ़ाने का कोई मौका हाथ से जाने नहीं देंगे। किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद के लिए भी आप आगे आएंगे। परिवार में किसी सदस्य को नौकरी को लेकर कहीं बाहर से बुलावा आ सकता है। आपकी मेहनत का आपको पूरा फल मिलेगा। आप उन्नति के राह पर आगे बढ़ेंगे, लेकिन सेहत को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है।

### वृश्चिक
आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। आपको जोश की जगह होश में काम करने की आवश्यकता है और अपने खर्चों को लेकर योजना बनाकर चले, क्योंकि आप दिखावे के चक्कर में अत्यधिक धन व्यय कर सकते हैं। प्रॉपर्टी को लेकर कोई मामला आपकी टेंशनों को बढ़ा सकता है। आपको कारोबार में अपने काम में सफलता मिलती दिख रही है। किसी पुराने मित्र के लिए आप कुछ रुपयों का इंतजाम भी कर सकते हैं।

### धनु
आज आपके ऊपर काम का दबाव अधिक रहने से आप परेशान रहेंगे। एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्यग्रता बढ़ेगी, जो आपको खुशी देगी। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। कोई सरकारी काम यदि लंबे समय से पेंडिंग था, तो उसे भी आप निपटाने की कोशिश में लगे रहेंगे। आपको अपने बॉस की कोई बात बुरी लग सकती है, लेकिन फिर भी आप उनसे कुछ नहीं कहेंगे।

### मकर
आज आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है और आप कहीं घूमने फिरने जा सकते हैं। आपको कोई सरप्राइज गिफ्ट भी मिलने की संभावना है, लेकिन आप संतान की किसी गलत बात को लेकर हां में हां ना मिलाएं, नहीं तो बाद में आपको उसको लेकर पछतावा होगा। विद्यार्थियों का पठन-पाठन में खूब मन लगेगा और आप अपने पिताजी के सेहत को लेकर थोड़ा एतियात बरतें। सामाजिक कार्यक्रमों से जुड़े लोगों को मान-सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

### कुंभ
आज आपको किसी जोखिम भरे काम में हाथ डालने से बचना होगा। आपको किसी काम को लेकर यात्रा पर जाना पड़ सकता है। बिजनेस में आपका डूबा हुआ धन वापस मिलने की संभावना है। आप अपनी बुद्धि का प्रयोग करके किसी भारी नुकसान को होने से बचा सकते हैं। परिवार में किसी सदस्य के विवाह प्रस्ताव पर मोहर लगने से माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको किसी मतभेद से दूर रहने की आवश्यकता है और आप कोई जोखिम भरे काम में हाथ डालने से बचें।

### मीन
आज का दिन आपके लिए चिंताग्रस्त रहने वाला है। मौसम का विपरीत प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ेगा। आपको आर्थिक लेनदेन थोड़ा सोच समझकर करने होंगे। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। पुराने मित्र से लंबे समय बाद आपकी मुलाकात होगी। आप अपने खान-पान पर थोड़ा ध्यान दें और संतान पढ़ाई-लिखाई के लिए कहीं बाहर जा सकती हैं। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलने की आवश्यकता है।

# बाल विवाह के विरुद्ध छात्राओं को किया जागरूक

## शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नंबर एक में आयोजित हुआ कार्यक्रम



दतिया कलेक्टर श्री स्वप्निल वानखडे के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री अरबिंद उपाध्याय के मार्गदर्शन में बाल विवाह के विरुद्ध एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम एवं शपथ का विगत दिवस शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नंबर एक में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को बाल विवाह के दुष्परिणामों से महिला एवं बाल विकास विभाग के श्री आकाश श्रीवास्तव ने अवगत कराया। इसी क्रम में ब्लॉक मास्टर ट्रेनर श्री ऋषिराज मिश्रा ने संचालन करते हुए कहा कि कम उम्र में विवाह न केवल कानूनी अपराध है, बल्कि यह बालिकाओं के स्वास्थ्य और शिक्षा के अधिकार का भी हनन करता है।

कार्यक्रम में जिला मास्टर ट्रेनर्स डॉ. अजय रावत ने बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की बारीकियों को समझाते हुए कहा कि क़ानून के अंतर्गत निर्धारित आयु विवाह के लिए लड़की की 18 वर्ष और लड़के की 21 वर्ष होना अनिवार्य है। इससे कम उम्र में किया गया विवाह श्बाल विवाहश् की श्रेणी में आता है। इस अधिनियम के तहत बाल विवाह कराने वाले माता-पिता, विवाह संपन्न कराने वाले पंडित/काजी और इसमें शामिल अन्य वयस्कों को 2 साल तक के कठोर कारावास और 1 लाख रुपये तक के जुर्माने से दंडित किया जा सकता है। इस दौरान बताया गया कि किसी बच्चे का विवाह जबरन कम उम्र में कर दिया जाता है, तो बालिग होने पर वह बच्चा उस विवाह को 2 वर्ष में भीतर शून्यघोषित करवा सकता है।

पुलिस विभाग से उपस्थित श्री भागवत शर्मा ने छात्राओं को सचेत किया कि बाल विवाह को बढ़ावा देना या उसमें शामिल होना एक गैर-जमानती और संज्ञेय अपराध है। कानून आपकी सुरक्षा के लिए है। बाल विवाह न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि यह आपकी सेहत और सपनों के साथ भी खिलवाड़ है। अधिनियम 2006 आपको अधिकार देता है कि आप 18 वर्ष से कम आयु में हो रहे बाल विवाह का विरोध करें।

धरती संस्था से आए श्री श्रीराम चतुर्वेदी ने सामाजिक स्तर पर इस कुप्रथा को रोकने में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। बाल कल्याण समिति सदस्य श्री रामजी राय ने जानकारी देते हुए कहा कि बाल विवाह रोकथाम में शिक्षक,अभिभावक और समाज की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे अपने अधिकारों को समझें और यदि कहीं भी बाल विवाह की जानकारी मिले तो तुरंत संबंधित विभाग या हेल्पलाइन पर सूचना दें। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास, शिक्षा विभाग से मास्टर ट्रेनर, पुलिस विभाग एवं विद्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

# पॉलिटेक्निक व्याख्याताओं द्वारा किया गया कैरियर मार्गदर्शन सेमीनार का आयोजन

भारतमत सवांददाता, दतिया



शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय दतिया के अतिथि व्याख्याताओं द्वारा विगत दिवस होलीपुरा स्थित शासकीय कन्या हाई स्कूल क्रमांक 4 एवं सीएम राइज़ स्कूल बड़ौनी में कैरियर मार्गदर्शन सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमीनार में होलीपुरा स्थित स्कूल में अतिथि व्याख्याता श्री सौरभ त्रिपाठी, श्री राहुल लिटोरिया और बड़ौनी सीएम राइज स्कूल में श्री पंकज तरेटिया और श्री नर्मदानंद शर्मा उपस्थित रहे।

इस अवसर पर व्याख्याताओं ने विद्यार्थियों को भविष्य की शिक्षा एवं करियर विकल्पों के बारे में उपयोगी जानकारी दी तथा तकनीकी शिक्षा में रोजगार के अवसर विषय पर प्रेरणादायक व्याख्यान दिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने पॉलिटेक्निक में प्रवेश एवं डिप्लोमा द्वारा जॉब विषय पर प्रश्न पूछे गए जिनके जबाव उपस्थित अतिथि व्याख्याताओं द्वारा दिए गए। इस अवसर पर दोनों विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# ठंड से बचाव के लिए वृद्धजनों को बांटे कम्बल



**मेहगांव।** जहां एक ओरलोग ठंड के कारण बेहाल हैं, वहीं वृद्धजनों का भी बहुत बुरा हाल है। वृद्ध जनों की पीड़ा को देख मंत्री राकेश शुक्ला के पुत्र आलोक शुक्ला ने ठंड से बचाव के लिए सड़क किनारे और वृद्ध आश्रम में रह रहे वृद्धो को गर्म कपड़े कंबल वितरित किए।

युवा नेता आलोक शुक्ला ने क्षेत्र के लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि क्षेत्र में रह रहे वृद्धजनों को ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े पहुंचाएं। जिससे वृद्धजनों को ठंड से बचाव मिल सके। मंत्री राकेश शुक्ला के पुत्र आलोक शुक्ला की इस नेक पहल को क्षेत्र की लोगों ने काफी सराहना की है। इस अवसर पर पुरुषोत्तम राजौरिया, हरिओम शर्मा, राजेश त्यागी, जगदीश तोमर उर्फ चच्चू, नरेन्द्र चौहान, रघु गुर्जर, मनोज जैन, संजय समाधिया, राकेश डंडोतिया, अवनीश त्यागी शिवा कांकर आदि लोग मौजूद रहे।

# पट्टा सर्वेक्षण प्रारंभिक सूची दावे-आपत्ति, सुझाव पर निर्णय के लिए जिला स्तरीय, खण्ड़ स्तरीय समितियों का गठन

दतिया। मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा राजस्व विभाग भोपाल से जारी निर्देशों के पालन में कलेक्टर श्री स्वप्निल वानखडे द्वारा पट्टा सर्वेक्षण प्रारंभिक सूची दावे-आपत्ति, सुझाव पर निर्णय के लिए जिला स्तरीय, खण्ड़ स्तरीय समितियों का गठन किया गया है।

जिला मुख्यालय नगरीय क्षेत्र के लिए गठित समिति में कलेक्टर अध्यक्ष, पुलिस अधीक्षक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दतिया दतिया, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर तथा ग्राम निवेश संचालनालय का स्थानीय अधिकारी और जिला शहरी विकास अभिकरण का परियोजना अधिकारी सदस्य रहेंगे।

अन्य नगरीय क्षेत्रों के लिए गठित समिति में उपखंड अधिकारी राजस्व अध्यक्ष, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, उपखंड अधिकारी पुलिस, नगर तथा ग्राम निवेश संचालनालय का सिानीय जिला अधिकारी, जिला शहरी विकास अभिकरण का परियोजना अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद सदस्य रहेंगे। इसी प्रकार व्यक्तियों के व्यवस्थापन संबंधी मामलों की समिति में कलेक्टर अध्यक्ष, पुलिस अधीक्षक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दतिया, उपखंड अधिकारी राजस्व, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका, नगर परिषद, नगर तथा ग्राम निवेश जिले का भारसाधाक अधिकारी, जिला शहरी विकास अभिकरण का परियोजना अधिकारी सदस्य रहेंगे।

# पूर्व सैनिक संगठन ने दिया समर्थन, संत समाज 29 दिसंबर को करेगा जनआंदोलन



**भिंड।** भिंड जिले में नेशनल हाइवे-719 (ग्वालियरङ्कभिंड मार्ग) की खराब हालत और लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं के खिलाफ प्रस्तावित जनआंदोलन को अब पूर्व सैनिकों का भी समर्थन मिल गया है। लहार में आयोजित पूर्व सैनिक सम्मेलन में इस मुद्दे पर गंभीर चर्चा हुई और आंदोलन के पक्ष में खुलकर आवाज उठाई गई। इंडियन वेटरन ऑर्गनाइजेशन के सम्मेलन में दिल्ली से आए भारतीय पूर्व सैनिक संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वेटरन जोगेंद्र सिंह ने कहा कि एनएच-719 ग्वालियर-चंबल संभाग का सबसे खतरनाक मार्ग बन चुका है। यहां आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और लोगों की जान जा रही है, लेकिन इसके बावजूद स्थायी समाधान की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।

संत समाज के आंदोलन को सैनिक संगठन का समर्थन

उन्होंने कहा कि सैनिक जीवन अनुशासन और सेवा का प्रतीक होता है और जब आम लोगों की सुरक्षा का सवाल आता है, तो पूर्व सैनिक चुप नहीं रह सकते। जोगेंद्र सिंह ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन पूरी तरह मानवीय और जनहित से जुड़ा है, इसमें राजनीति का कोई स्थान नहीं है। उन्होंने संत समाज द्वारा शुरू किए जा रहे आंदोलन की सराहना करते हुए 29 दिसंबर को प्रस्तावित कार्यक्रम को पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की।

सम्मेलन में मौजूद तहसीलदार ने कहा कि प्रशासन सड़क सुरक्षा से जुड़े मामलों को गंभीरता से ले रहा है और जनभावनाओं को शासन तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक, समाजसेवी और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। सभी ने एकमत से एनएच-719 को सुरक्षित बनाने, टोल व्यवस्था पर पुनर्विचार करने और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की।

# झाड़-फूंक करने वाले बाबा पर महिला से छेड़छाड़ का आरोप




**दतिया।** दतिया जिले के इंदरगढ़ कस्बे में झाड़-फूंक और तंत्र-मंत्र के नाम पर घरों में घुसने वाले कथित बाबाओं की असलियत फिर से सामने आई है। यहां एक महिला ने आरोप लगाया है कि देवी-देवता आने का दावा करने वाला बाबा उसके घर में घुसकर छेड़छाड़ और जान से मारने की धमकी देने लगा। पुलिस ने गुरुवार को मामला दर्ज कर लिया।

पीड़िता की उम्र 33 वर्ष बताई गई है। उसने इंदरगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया है कि उसकी जान-पहचान करीब पांच साल से बाबा रामवीर सिंह जाट, निवासी कुदारी, से थी। आरोपी खुद को देवी-देवता का दूत बताकर झाड़-फूंक और तंत्र-मंत्र का काम करता था। परेशान होने पर परिवार अक्सर उसे बुलाता था।

पीड़िता ने आरोप लगाया कि बुधवार सुबह उसने अपने बेटे की तबीयत खराब होने पर बाबा को फोन किया। बाबा ने शाम को घर आने का कहा। रात करीब 8 बजे बाबा घर पहुंचा और पलंग पर बैठ गया। इस दौरान महिला ने उसे चाय पिलाई। घर में महिला के तीनों बच्चे सो रहे थे और पति बाहर गए हुए थे।

# डालडा मिल क्षेत्र में मिला शव, सिर पर चोट, हत्या की आशंका



**दतिया** दतिया जिले के कोतवाली थाना अंतर्गत डालडा मिल के पास स्थित बरादरी इलाके में गुरुवार को एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। दोपहर करीब 2 बजे राहगीरों ने शव पड़ा देखा, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में मृतक के सिर में गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है।

कोतवाली थाना प्रभारी टीआई धीरेन्द्र मिश्रा ने बताया कि मृतक की पहचान साईनि मोहल्ला निवासी अरमान के रूप में हुई है। अरमान बिहारी जी मंदिर मार्ग पर स्थित एक कपड़ों की दुकान पर काम करता था। वह दिन बुधवार दोपहर से लापता था, जिसकी तलाश परिजन कर रहे थे।

घटना की गंभीरता को देखते हुए मौके पर फोरेंसिक टीम एवं फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट को बुलाया गया है। साक्ष्य जुटाने का कार्य जारी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ-साथ मृतक के परिचितों से भी पूछताछ कर रही है।

पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। फिलहाल मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है।

# खेल से अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना का होता है विकास - कुलगुरु



**शहडोल।** पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय में राज्य स्तरीय अंतरविश्वविद्यालयीन फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन किया गया। समापन समारोह में भोपाल बरकत उल्ला विश्वविद्यालय एवं जबलपुर रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के बीच फाइनल मैच खेला गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि कुलगुरु प्रो. रामशंकर ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप मे कुलसचिव प्रो.अशीष तिवारी शहडोल उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। कुलगुरु प्रो. रामशंकर ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना का भी विकास करते हैं। राज्य स्तरीय अंतरविश्वविद्यालयीन प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मकता के साथ-साथ आपसी सौहार्द को भी बढ़ाती हैं। विश्वविद्यालय भविष्य में खेल अवसंरचना को और सुदृढ़ करने के लिए सतत प्रयास करेगा। खेल युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का सशक्त माध्यम हैं। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण व अंचल के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचने का अवसर मिलता है.विश्वविद्यालय प्रशासन खेलों के विकास हेतु हरसंभव सहयोग प्रदान करेगा। प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों 12 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला जबलपुर और भोपाल के बीच खेला गया जिसमें जबलपुर की टीम ने 4 गोल दाग कर 4-2 से फाइनल को अपने नाम किया। जबलपुर विजेता रहा और भोपाल उप विजेता रहा। फाइनल मैच में खिलाड़ियों ने खेल का शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का सफल आयोजन एवं कार्यक्रम का संचालन डायरेक्टर शारीरिक शिक्षा तथा आयोजन सचिव डॉ. आदर्श तिवारी ने किया। कार्यक्रम में ,प्रो गीता सराफ, प्रो नीलिमा खरे, प्रो मनीषा तिवारी, प्रो अमित निगम,डॉ ममता प्रजापति, डॉ चेतना सिंह, डॉ. पूर्णिमा शर्मा, डॉ. बृजेंद्र पांडे, डॉ. गंगाधर ढोके, डॉ.अनिल गुप्ता , डॉ साड़ियां डॉ मुनीश नेगी, डॉ जितेंद्र सेन, डॉ प्रज्ञा यादव, डॉ.रजनी गौतम, डॉ एच एल मरावी, डॉ. संगीता मरावी, डॉ. दिलीप तिवारी, डॉ ज्योतिसिंह , डॉ मनीष तराम, डॉ सौरभ शिवा, डॉ, अजय सोनवानी, डॉ.संतोष पुरी, डॉ मुकेश सिंह, डॉ धनुषधारी सिंह डॉ लोकेश साहू, डॉ. प्रीति पांडे, डॉ. संजली गुप्ता, सुश्री आकांक्षा, श्री अजय पटेल, एक श्री जितेंद्र सिंह,श्री सरवन सिंह, श्री आशीष, , श्री शुभ, सुश्री मेघा,श्री वीरेंद्र कुर्मी, श्री आयुष द्विवेदी, सुश्री मंजुला, श्री संजय दास, श्री अंभिशेक नामदेव, श्री नितिन गर्ग,आदि के साथ सभी प्राध्यापक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# जिला अस्पपताल उमरिया में निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर संपन्न




**उमरिया।** एक छत के नीचे डाक्टरो के समागम का उमरियावासियों को मिलेगा लाभ - श्री एस एस कुमरे रेडक्रास सोसायटी सेवा के क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रही- कलेक्टर फोटो 1 2 3 4 5 6 उमरिया 25 दिसंबर । जिला अस्पाताल उमरिया में भारतीय रेडक्रास सोसायटी उमरिया व्दारा आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चेयमैन मप्र रेडक्रास सोसायटी एस एस कुमरे ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छता का बड़ा महत्व है, इसलिए आवश्यक है कि अपने आस पास के वातावरण को स्वच्छ एवं सुंदर बनाएं रखे । स्वच्छता के रहने पर हम स्वयं ही कई बीमारियों से दूर रहते है। स्वस्थ्य भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए सभी को आगे आने की जरूरत है । उन्होने कहा कि हम निरोगी रहें, इस दिशा में भी काम करना चाहिए । स्वस्थ रहने के लिए जैविक एवं प्राकृतिक खेती, मोटे अनाजो की खेती करने का संकल्प लिया जाए । साथ ही अपनी दिनचर्या में सुधार लाया जाए । उन्होने कहा कि जिला अस्पताल उमरिया में आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर में एक छत के नीचे कई बड़े डाक्टरों का समागम हुआ है, जिसका सीधा लाभ उमरिया जिलेवासियों को मिलेगा । रेडक्रास सोसायटी का लक्ष्य वृहद स्तर पर स्वस्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाना है, इस परिपेक्ष्य में यह शिविर आयोजित किया गया है । शिविर के माध्यम से डाक्टरों व्दारा मरीजों का परीक्षण करके इलाज किया जाएगा, जिनका इलाज यहां पर संभव नही है, उनका बाहर इलाज कराया जाएगा । इसके साथ ही आगामी आने वाले दिनों में आंखो की जांच के शिविर, सिकल सेल की जागरूकता पर शिविर रेडक्रास सोसायटी व्दारा आयोजित किए जाएंगे। जूनियर, सीनियर , वालेंटियर तैयार किए जाएंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रेडक्रास सोसायटी के अध्यक्ष एवं कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि रेडक्रास सोसायटी सेवा के क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रही है । जिला अस्पताल उमरिया में आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का सभी उमरिया वासी लाभ उठाएं । यह शिविर मरीजों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। शिविर में विभिन्न रोगो की जांच के लिए डाक्टरों की टीमें उपस्थित है, परीक्षण उपरांत डाक्टरों व्दारा जो सलाह दी जाती है उसे अपनाएं और स्वस्थ रहें। रेडक्रास सोसायटी के प्रदेश प्रतिनिधि मान सिंह ने कहा कि शिविर में हृद्य रोग, हड्डी रोग, कैंसर रोग, शिशु रोग एवं बाल रोग, नेत्र परीक्षण, स्त्री रोग, टीबी रोग, सिकल सेल एनिमिया, ई सी जी, सोनोग्राफी की जांच की जा रही है । जांच के लिए विषय विशेषज्ञ डाक्टरो की टीम यहां उपस्थित है, जिसका सभी जन लाभ उठाएं । रेडक्रास सोसायटी के सचिव राकेश शर्मा ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा करने के लिए रेडक्रास सोसायटी संकल्पित है। शिविर में जांच के उपरांत आम जनों का इलाज जिला अस्पताल उमरिया एवं रेडक्रास सोसायटी व्दारा करवाया जाएगा । शिविर में हर्षा डा रेडडी हृद्य रोग विशेषज्ञ, डा विकास सावला हडडी रोग विशेषज्ञ, डा शगुन गुप्ता एम डी रेडियोलाजिस्टा, डा मालती भगत कैंसर रोग विशेषज्ञ, डा अशोक चौदहा शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ, डा शिवांगी विश्व कर्मा स्त्री रोग विशेशज्ञ, डा मुकुल तिवारी एम डी पैथालाजिस्ट जिला क्षय रोग अधिकारी उपस्थित रहे। जिनके व्दारा मरीजों का परीक्षण किया गया एवं आवश्यक परामर्श दिया गया ।

# सुशासन सप्ताह के तहत जिला एवं खण्ड स्तरीय अधिकारी पूरे समय क्लस्टर स्तर पर सक्रिय रहे

भारतमत सवांददाता

मुरैना। आमजन में सुशासन की अवधारणा को सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रदेश में 19 दिसम्बर से 25 दिसम्बर 2025 तक सुशासन सप्ताह मनाया गया। इस अभियान के अंतर्गत प्रशासन गाँव की ओर कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जनशिकायतों के त्वरित निराकरण, सेवा वितरण में सुधार तथा नागरिक-केंद्रित शासन व्यवस्था को सु.ढ़ करने के उद्देश्य से विभिन्न ग्राम पंचायतों में क्लस्टर स्तर पर शिविर आयोजित किए गए। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देशानुसार 25 दिसम्बर को मुरैना जिले के 41 क्लस्टरों में कैम्प आयोजित किए गए, जिनमें जिला स्तर के अधिकारियों के साथ-साथ खण्ड स्तर के अधिकारी एवं कर्मचारी पूरे समय भ्रमणशील रहकर सेवाएं प्रदान करते पाए गए। इन शिविरों में राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, सामाजिक न्याय, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, खाद्य, श्रम, कृषि सहित अन्य विभागों की सेवाएं उपलब्ध कराई गई।कैम्पों के माध्यम से आय, जाति एवं निवास प्रमाण-पत्र, पेंशन, समग्र आईडी, आयुष्मान कार्ड, विभिन्न योजनाओं में पंजीयन, जनशिकायतों का निराकरण तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित लाभ आमजन को प्रदान किए गए। इसके साथ ही विभिन्न योजनाओं की ई-केवायसी, किसान



रजिस्ट्री, पीएम किसान, आधार नामांकन एवं अद्यतन, पीएम उज्ज्वला 3.0, पीएमएफएमई एवं एआईएफ योजनाओं की जानकारी एवं जागरूकता दी गई। ग्रामीणों ने स्व-रोजगार योजनाओं तथा गैर संचारी रोगों जैसे मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप की जांच के प्रति भी उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सुशासन सप्ताह 2025 के अंतर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कमलेश कुमार भार्गव द्वारा दिमनी, बड़ागांव एवं माता बसैया में व अपर कलेक्टर अश्विनी कुमार रावत ने रजौधा, दिमनी एवं थरा क्लस्टरों का निरीक्षण किया। सबलगढ़ विकासखंड के ग्राम कुल्होली में उपायुक्त सहकारिता श्रीमती अनुभा सूद, विद्युत मंडल के महाप्रबंधक सुरेश कुमार ने जौरा विकासखंड के ग्राम खांडोली, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पदमेश उपाध्याय ने मुरैना विकासखंड के अंतर्गत माता बसैया क्लस्टर का अवलोकन किया। इसी क्रम में एसडीएम सबलगढ़ सुश्री मेघा तिवारी ने नेपरी, मुरैना जनपद के ग्राम खनेता में जिला शिक्षा अधिकारी बी.एस. इंदौलिया एवं डीपीसी हरीश तिवारी, पोरसा जनपद के ग्राम रजौधा में एसडीएम अम्बाह रामनिवास सिकरवार, मुरैना जनपद के ग्राम मेहटोली में एसडीएम मुरैना बी.एस. कुशवाह, जौरा जनपद के ग्राम सुमावली में एसडीएम जौरा शुभम शर्मा उपस्थित रहे। वहीं पशुपालन विभाग के उप संचालक डॉ. बी.के. शर्मा द्वारा ग्राम पंचायत कुल्होली तथा कैलारस जनपद के सीईओ रामपाल करजरे द्वारा ग्राम पंचायत कोट सिरथरा में पहुँचकर कैम्प का अवलोकन किया गया, जहाँ नागरिकों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किए गए।

# मजदूरी का काम करने वाला अमित बना आत्मनिर्भर

भारतमत सवांददाता

मुरैना। सबलगढ़ जनपद के मांगरोल गांव में रहने वाले अमित जाटव मजदूरी करके अपना और अपने परिवार का गुजारा किया करते था। एक दिन अखबार के पन्नों पर उनकी नजर संत रविदास स्व-रोजगार योजना पर पड़ी। यह खबर उनके लिए किसी नई सुबह की तरह थी। उन्होंने हिम्मत जुटाई और जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति, मुरैना से संपर्क किया। टेन्ट व्यवसाय के लिए ऑनलाइन आवेदन किया और कुछ ही दिनों में वह पल आया जिसने अमित की जिंदगी की दिशा बदल दी। 06 नवम्बर 2024 को उनका आवेदन सेंट्रल बैंक ऑफइंडिया, शाखा सबलगढ़ द्वारा स्वीकृत हो गया। उन्हें 8 लाख 79 हजार रुपये का ऋण मिला। यह सिर्फएक रकम नहीं थी, बल्कि उनके सपनों को उड़ान देने वाला सहारा था। अमित ने ÷मुस्कान टेन्ट हाउस÷ के नाम से अपना व्यवसाय शुरू किया। शुरुआत में डर भी था, लेकिन मेहनत और लगन ने जल्द ही रंग दिखाया। उनका टेन्ट व्यवसाय चल पड़ा और अब उन्हें हर महीने 22 से 25 हजार रुपये की नियमित आमदनी होने लगी। सबसे बड़ी खुशी यह थी कि अमित अब सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि 4-5 अन्य युवाओं के लिए भी रोजगार का साधन बन चुके हैं। शासन की योजना के तहत उन्हें समय-समय पर 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान भी मिल रहा है, जिससे उनका आत्मविश्वास और मजबूत हुआ है।

# 60 लाख कीमत की सरकारी भूमि को माफिया से कराया मुक्त

भारतमत सवांददाता



मुरैना। भू-माफिया द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध रूप से कॉलोनी बनाने वाले कॉलोनाइजरों के विरुद्ध कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ द्वारा बेदखली एवं कार्रवाई के दिए गए निर्देशों के पालन में जौरा प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से शासकीय भूमि पर बनाई गई कॉलोनी को ध्वस्त करने सरकारी भूमि को मुक्त कराया गया।
अनुविभागीय अधिकारी शुभम शर्मा, तहसीलदार कल्पना कुशवाह को ग्राम मई गांव में शासकीय भूमि सर्वे क्रमांक 836 एवं 838 रखवा लगभग सात विश्वा चतुर सिंह राठौर नामक व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से प्लाट काटकर कॉलोनी बनाए जाने की शिकायत प्राप्त हुई थी, जिस पर गुरुवार को एसडीएम एवं तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व निरीक्षक राकेश कुलश्रेष्ठ, पटवारी रवि अवस्थी, गंभीर सिंह तोमर एवं पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे तथा जेसीबी की सहायता से शासकीय भूमि पर अवैध रूप से बनाई गई कॉलोनी तोड़कर ध्वस्त करने की कार्यवाही की गई। तहसीलदार कल्पना कुशवाह का कहना है कि मुक्त कराई गई शासकीय भूमि की कीमत लगभग 60 लाख रुपए बताई गई है। वहीं एसडीएम शुभम शर्मा का कहना है कि ग्रामीणों द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध रूप से प्लाट काटकर कॉलोनी बनाने की शिकायत की गई थी, जिस पर से अवैध कॉलोनाइजर के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए शासकीय भूमि पर से किए गए अतिक्रमण को हटाया गया है।

# शासन की योजनाओं की जानकारी आमजन तक सुगमता से पहुँचाने के निर्देश

**- प्रशासन गाँव की ओर अभियान के अंतर्गत कलेक्टर ने ग्राम पंचायत सुमावली एवं बागचीनी में शिविरों का किया अवलोकन**

भारतमत सवांददाता



मुरैना। सुशासन सप्ताह के अंतर्गत प्रशासन गाँव की ओर अभियान के तहत गुरुवार को कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने ग्राम पंचायत सुमावली एवं ग्राम पंचायत बागचीनी में आयोजित शिविरों का निरीक्षण कर सक्रिय सहभागिता की। इस अवसर पर एसडीएम जौरा शुभम शर्मा तथा कार्यपालन यंत्री, सिंचाई विभाग पी.एस. जाटव भी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री जांगिड़ ने शिविर में ग्रामीणजनों के साथ बैठकर प्रत्यक्ष संवाद किया तथा उनकी समस्याओं, शिकायतों एवं आवश्यकताओं को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने प्राप्त आवेदनों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिकतम पात्र हितग्राहियों तक पहुँचाने पर विशेष जोर दिया।शिविर के दौरान राजस्व विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, कृषि एवं उद्यानिकी सहित विभिन्न विभागों से संबंधित आवेदनों पर चर्चा की गई तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं की जानकारी आमजन तक सरल एवं सुगम रूप से पहुँचाई जाए तथा सेवा प्रदाय में पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन गाँव की ओर पहल का मुख्य उद्देश्य शासन को आम नागरिकों के और अधिक निकट लाना है, ताकि उनकी समस्याओं का समाधान ग्राम पंचायत स्तर पर ही प्रभावी ढंग से किया जा सके। शिविर के दौरान क्लस्टर स्तर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के माध्यम से ग्रामीणजनों की बीपी एवं शुगर की जांच की जा रही थी। स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं जांच प्रक्रिया की वास्तविक स्थिति का अवलोकन करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री जांगिड़ ने स्वयं भी बीपी एवं शुगर की जांच कराई तथा आवश्यक निर्देश दिए।

# अपर कलेक्टर ने ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर दिए निर्देश



भारतमत सवांददाता

मुरैना। कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देशानुसार सुशासन सप्ताह - प्रशासन गाँव की ओर 2025 के अंतर्गत जिले के तहसील मुख्यालय, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याओं का मौके पर पंजीयन एवं यथासंभव त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। साथ ही प्राप्त शिकायतों का संक्षिप्त विवरण पोर्टल पर समयबद्ध रूप से अपलोड करने के निर्देश भी दिए गए।सुशासन सप्ताह के अंतर्गत गुरुवार को जनपद पंचायत अंबाह की ग्राम पंचायत दिमनी तथा जनपद पंचायत पोरसा की ग्राम पंचायत रजौधा में अपर कलेक्टर अश्विनी कुमार रावत ने शिविरों का भ्रमण कर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शिविरों में प्राप्त आवेदनों का अवलोकन किया गया। इस दौरान कुल 46 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से अपर कलेक्टर की उपस्थिति में ही 12 आवेदनों का तत्परता से निराकरण किया गया। अपर कलेक्टर ने शेष आवेदनों के शीघ्र, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए, ताकि पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ बिना विलंब के प्राप्त हो सके। उन्होंने सेवा प्रदाय में संवेदनशीलता एवं पारदर्शिता बनाए रखने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम अंबाह रामनिवास सिकरवार सहित क्लस्टर स्तर पर नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# चौधरी के प्रथम नगर आगमन को लेकर कांग्रेस की बैठक आयोजित



भारतमत सवांददाता

मुरैना। गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी मुरैना के तत्वाधान में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मधुराज तोमर एवं गजेंद्र जाटव की संयुक्त अध्यक्षता में जिले के कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन मुरैना विधानसभा के विधायक दिनेश गुर्जर के कार्यालय पर किया गया, जिसमें आगामी 28 दिसंबर रविवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी (विधायक) एवं सह प्रभारी के रूप में श्रीमती संजना जाटव (सांसद) के आगमन की तैयारी को लेकर विस्तृत रूप से मंत्रणा की गई। जिला अध्यक्ष ने प्रदेश प्रभारी एवं सह प्रभारी के आगमन की तैयारीयों को लेकर विस्तृत रूपरेखा सभी कार्यकर्ताओं के सामने रखी बिंदुवार बारीकियां से विचार विमर्श किया। अध्यक्ष ने बताया कि प्रभारी का आगमन वाया रोड रायरू की सीमा, से प्रारंभ होकर बानमोर, नूराबाद, टेकरी, टोल टैक्स से होता हुआ दया वेंकट हॉल तक लगातार स्वागत होंगे और दया वेंकट हॉल में समन्वय समिति की बैठक में भाग लेंगे तथा एसआईआर की समीक्षा तथा कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करेंगे। सभी कार्यकर्ताओं को स्वागत के लिए जगह चिन्हित कर दी जाएगी। बैठक का संचालन प्रवक्ता हरीश पाठक ने किया।

# अग्रवाल युवा महासभा ने गुप्ता को प्रांतीय मीडिया प्रभारी एवं मित्तल को उपमंत्री बनाया





भारतमत सवांददाता

जौरा। अग्रवाल युवा महासभा मध्यप्रदेश द्वारा नगर के दो युवाओं को प्रांतीय सह मीडिया एवं प्रांतीय उपमंत्री की जिम्मेदारी दी गई। नगर के युवा पत्रकार सौरभ गुप्ता को मध्य प्रदेश अग्रवाल युवा महासभा का प्रांतीय सह मीडिया प्रभारी बनाया गया है। इनका क्षेत्र ग्वालियर एवं चंबल संभाग रहेगा। इसी प्रकार रॉबिन मित्तल को प्रांतीय उप मंत्री की जिम्मेदारी दी गई है, इनका क्षेत्र भी ग्वालियर एवं चंबल संभाग रहेगा। श्री गुप्ता एवं श्री मित्तल ने अपनी नियुक्ति पर कैलाश मित्तल, पवन गोयल सहित सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है। वहीं दोनों की नियुक्ति पर शुभचिंतकों मित्रों ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी है।

# बाल विवाह के दुष्परिणाम और होने वाली कानूनी कार्यवाही से कराया अवगत

भारतमत सवांददाता



मुरैना। ब्लॉक कैलारस में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चलाए जा रहे बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत परियोजना कैलारस में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और शासकीय उ.ष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में बालक-बालिकाओं को बाल विवाह रोकने हेतु जानकारी प्रदान की गई। इस जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों को बाल विवाह के दुष्परिणाम और होने वाली कानूनी कार्यवाही से अवगत कराया गया। बाल विवाह की सूचना होने पर पुलिस, महिला हेल्पलाइन, चाइल्ड लाइन और शासकीय कर्मचारी, शिक्षक, तहसीलदार, अनुविभागीय अधिकारी और महिला बाल विकास को सूचित करें। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी सबलगढ़ सुश्री मेघा तिवारी, महिला एवं स्वास्थ्य समिति की अध्यक्ष श्रीमती प्रेमलता शाक्य, परियोजना अधिकारी रचना जैन, सहायक संचालक शिक्षा विभाग सुश्री प्रिया राजावत, खंड स्वास्थ्य अधिकारी शोभाराम, दोनों विद्यालयो के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

# पुत्र बेशक कुपुत्र हो जाए, माता कभी कुमाता नहीं हो सकतीः श्यामसुंदर दास

भारतमत सवांददाता



मुरैना। श्रीराम जी भक्त मंडल मुरैना के भक्तों द्वारा आयोजित नवदिवसीय श्रीराम कथा महादेव के तृतीय दिवस गुरुवार की कथा में अयोध्या से पधारे श्यामसुंदर दास (राम जी) महाराज ने श्री किशोरी जी की महिमा का गुणगान किया और बताया की राम जी से भी महान है। किशोरी जी और अपने भक्तों के ऊपर सदैव कृपा दृष्टि रखती है। पुत्र कितना भी कुपुत्र हो जाए, लेकिन माता कभी कुमाता नहीं होती, वह अपने बालकों का सदैव मंगल ही चाहती है।
महाराज ने बताया कि भगवान की कृपा प्राप्त करना हो तो किशोरी जी के चरणों में निवेदन करना चाहिए। अगर किशोरी जी प्रसन्न हो गई तो राम जी अपने आप प्रसन्न हो जाएंगे। कथा में सीता जी का जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया और मंगल गीत गाए गए।

# सीईओ जिला पंचायत ने दिमनी, बड़गांव और माता बसैया क्लस्टर कैम्पों का किया निरीक्षण



भारतमत सवांददाता

मुरैना। सुशासन सप्ताह 2025 के अंतर्गत प्रशासन गाँव की ओर अभियान के तहत कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कमलेश कुमार भार्गव द्वारा दिमनी, बड़ागांव एवं माता बसैया क्लस्टरों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दिमनी क्लस्टर में कुल 45 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 40 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। इसी प्रकार बड़ागांव क्लस्टर में प्राप्त 25 आवेदनों में से 10 आवेदनों का निराकरण किया गया। वहीं माता बसैया क्लस्टर में कुल 25 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 23 आवेदनों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्राप्त आवेदनों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समयबद्ध रूप से पहुँचाया जा सके।

# हॉकी टीम के उप-कप्तान हार्दिक सिंह खेल रत्न के लिए नामांकित

## राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों में किसी क्रिकेटर का नाम नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

***वर्ष 2024 में भारत की टी 20 विश्व कप जीत और 2025 में महिला टीम की वनडे विश्व कप जीत के बावजूद किसी क्रिकेटर को राष्ट्रीय खेल पुरस्कारों में शामिल नहीं किया गया है।***

ध्यान देने वाली बात है कि इस साल की सिफारिशों में कोई क्रिकेटर शामिल नहीं है। आखिरी क्रिकेटर जिन्हें अर्जुन पुरस्कार मिला था, वह मोहम्मद शमी थे, जिन्हें 2023 में यह सम्मान दिया गया था। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता और भारतीय पुरुष हॉकी टीम के उप-कप्तान हार्दिक सिंह को राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2025 में प्रतिष्ठित मेजर ध्यानचंद खेल रत्न के लिए नामांकित किया गया है। खेल रत्न भारत का सर्वोच्च खेल सम्मान है, जो हर साल भारत के खेल मंत्रालय द्वारा दिया जाता है। नामांकित खिलाड़ी भारत के राष्ट्रपति से पुरस्कार को प्राप्त करते हैं।

इस नामांकन को अवॉर्ड्स सेलेक्शन पैनल द्वारा अंतिम रूप दिया गया, जिसमें लंदन 2012 के पदक विजेता और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के वाइस प्रेसिडेंट गगन नारंग, मॉस्को 1980 ओलंपिक में स्वर्ण पदक विजेता हॉकी खिलाड़ी एमएम सोमैया और पूर्व बैडमिंटन स्टार अपर्णा पोपट जैसे सदस्य शामिल थे।



अब तक छह हॉकी खिलाड़ियों को खेल रत्न से सम्मानित किया जा चुका है, जिसमें धनराज पिल्ले (1999-2000), सरदार सिंह (2017), रानी रामपाल (2020), पीआर श्रीजेश (2021), मनप्रीत सिंह (2021) और हरमनप्रीत सिंह (2024) के नाम शामिल हैं।

हार्दिक 2018 में अपने सीनियर इंटरनेशनल डेब्यू के बाद से भारतीय मिडफील्ड के अहम खिलाड़ी रहे हैं। इसके साथ ही वह टोक्यो 2020 और पेरिस 2024 ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली टीमों का हिस्सा थे। उन्होंने एशिया कप 2025, एशियन चैंपियंस ट्रॉफी 2023 और एशियन गेम्स में भारत को गोल्ड मेडल दिलाने में भी खास भूमिका निभाई है। महज 27 साल की उम्र में हार्दिक ने भारत के लिए 164 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं।

हार्दिक सिंह को व्यक्तिगत रूप से कई सम्मान मिल चुके हैं, जिनमें 2022 और 2023 में हॉकी इंडिया अवाड्र्स में लगातार प्लेयर ऑफ द ईयर, 2023 में एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयर और 2021 में अर्जुन पुरस्कार शामिल हैं।

पिछले साल, भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर, शतरंज के धुरंधर गुकेश डी और पैरा एथलीट प्रवीण कुमार के साथ खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

### अर्जुन पुरस्कार के लिए योगासन एथलीट पाल नामांकित


खेल रत्न के अलावा, चयन समिति ने अर्जुन पुरस्कारों के लिए 24 खिलाड़ियों के नामों की सिफारिश की। पहली बार, योगासन एथलीट आरती पाल को इस सम्मान के लिए नामांकित किया गया है। आरती योगासन में मौजूदा नेशनल और एशियन चैंपियन हैं, जिसे अगले साल जापान में होने वाले एशियाई खेलों में एक प्रदर्शन खेल के रूप में शामिल किया जाएगा। राइफल शूटर मेहुली घोष, दो बार की वर्ल्ड चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता जिमनास्ट प्रणति नायक और भारत की शीर्ष क्रम की महिला बैडमिंटन जोड़ी त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद भी अर्जुन पुरस्कार के लिए नामांकित खिलाड़ियों में शामिल हैं। द्रोणाचार्य पुरस्कार और ध्यानचंद लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार के लिए नामांकन बाद में घोषित किए जाने की उम्मीद है।

# अल्काराज ने 2025 में कमाये 21 मिलियन डॉलर से अधिक

नई दिल्ली, एजेंसी

***स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज इस वर्ष एटीपी पुरस्कार राशि के रूप में सर्वाधिक 21,354,778 डॉलर से अधिक की कमाई कर इस मामले में शीर्ष पर हैं। इसी के साथ छह बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन अल्काराज ने करियर पुरस्कार राशि के रूप में 60 मिलियन डॉलर का आंकड़ा भी पार कर लिया है। इटली के जैनिक सिनर दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने इस वर्ष 19,120,641 डॉलर कमाए हैं।***

एटीपी की ओर इस सप्ताह वर्ष 2025 के लिए पुरस्कार राशि की जारी सूची के अनुसार इस मामले में जर्मनी के पेशेवर टेनिस खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव 7,468,230 डॉलर के साथ तीसरे, ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर 6,666,087 डॉलर के साथ चौथे, इटली के लौरेंजो मुसेटी 6,345,640 डॉलर के साथ पांचवें, अमेरिका के दिग्गज टेलर फ्रिट्ज 5,938,539 डॉलर के साथ छठे, कनाडा के फेलिक्स ऑगर एलियासेम 5,820,031 डॉलर के साथ सातवें, अमेरिका के बेन शेल्टन 5,672,734 डॉलर के साथ आठवें, सर्बिया के नोवाक जोकोविच 5,140,175 डॉलर के साथ नौवें तथा नॉर्वे के पेशेवर टेनिस खिलाड़ी कैस्पर रुड 3,971,374 डॉलर के साथ 10वें स्थान पर है।



अल्काराज एटीपी इतिहास में एक सीजन में दूसरे सबसे अधिक कमाने वाले टेनिस खिलाड़ी है। वह इस मामले में नोवाक जोकोविच के 2015 के कुल 21,646,145 डॉलर से पीछे है। सिनर दो अलग-अलग सीजन में 19,120,64 डॉलर (2025) और 19,735,703 डॉलर (2024) की कमाई करने वाले पहले टेनिस खिलाड़ी भी बन गए हैं।

# एथलीट्स कमीशन की चेयरपर्सन बनीं पीवी सिंधु

नई दिल्ली, एजेंसी

दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट और पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधु को बुधवार को 2026-2029 कार्यकाल के लिए बीडब्ल्यूएफ एथलीट्स कमीशन की चेयरपर्सन चुना गया। इस भूमिका में अब पीवी सिंधु बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (बीडब्ल्यूएफ) काउंसिल मेंबर के तौर पर काम करेंगी जिससे खिलाड़ियों को इस संस्था के ग्लोबल गवर्नेंस में सीधी आवाज मिलेगी। नीदरलैंड की डेबोरा जिल, जो यूरोपियन गेम्स की सिल्वर मेडलिस्ट हैं, भारतीय बैडमिंटन स्टार की डिप्टी होंगी।

सिंधु ने कहा, साथी एथलीटों द्वारा यह जिम्मेदारी सौंपना मेरे लिए सम्मान की बात है, जिसे मैं विनम्रता और कृतज्ञता के साथ स्वीकार करती हूं। मैं पिछले कार्यकाल में किए गए असाधारण काम के लिए ग्रेसिया पोली को भी दिल से धन्यवाद देना चाहती हूं। उन्होंने कहा, हमारे खूबसूरत खेल को खेलने



वाले हर किसी के लिए आवाज बनने का यह एक शानदार मौका है। मैं हर खिलाड़ी का प्रतिनिधित्व करने और सार्थक, स्थायी बदलाव के लिए लड़ने के लिए बीडब्ल्यूएफ मीडिया के साथ मिलकर काम करने के लिए बहुत उत्सुक हूं।

## सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम

**नई दिल्ली।** भारत और श्रीलंका के बीच पांच टी20 इंटरनेशनल मैचों की सीरीज का तीसरा मुकाबला शुक्रवार को खेला जाएगा। भारतीय टीम ने शुरुआती दो मुकाबले जीते और उसकी कोशिश जीत की हैट्रिक लगाकर सीरीज अपने नाम करने की होगी। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला तिरुवनंतपुरम में खेला जाएगा। भारतीय टीम ने श्रीलंका को पहले टी20 मैच में 8 विकेट से मात दी थी। इसके बाद विमेन इन ब्ल्यू ने शानदार गेंदबाजी करते हुए दूसरा मैच 7 विकेट से जीता।

## बॉक्सिंग डे टेस्ट में ऑल पेस अटैक से जाएगी ऑस्ट्रेलियाई टीम

**मेलबर्न।** इस समर यह दूसरी बार और पिछले पांच टेस्ट में तीसरी बार होगा, जब ऑस्ट्रेलिया बिना किसी मुख्य स्पिनर के पूरी तरह ऑल-पेस आक्रमण के साथ किसी टेस्ट मैच में उतरेगी। बॉक्सिंग डे टेस्ट के अंतिम-12 में नाथन लियोन की जगह आए टॉड मफी को एक बार फिर जगह नहीं मिली है। हालांकि कार्यवाहक कप्तान स्टीवन स्मिथ ने कहा है कि सिडनी टेस्ट में उनके खेलने का अच्छा मौका रहेगा। माइकल नीसर, ब्रेंडन डॉजेट और जे रिचर्डसन में से कोई दो अंतिम एकादश का हिस्सा होंगे। अगर रिचर्डसन को मौका मिलता है, तो यह एशेज 2021-22 के बाद उनका पहला टेस्ट होगा।

**बॉलीवुड**

## ठंड में प्यार नहीं, थर्मल कपड़े ही गर्म रखते हैं: शेफाली शाह



**मुंबई।** इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें पोस्ट करते हुए अभिनेत्री शेफाली शाह ने अपने खास अंदाज में सर्दियों की हकीकत बयां की, जिसे पढ़कर फैंस मुस्कुराए बिना नहीं रह पा रहे हैं। अभिनेत्री शेफाली शाह ने अपने पोस्ट में लिखा कि शुरुआत में वह ठंड में जम गई थीं और अब धीरे-धीरे पिघल रही हैं। उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा कि ठंड में प्यार नहीं, बल्कि थर्मल कपड़े ही इंसान को गर्म रखते हैं। उनका मानना है कि पुराने थर्मल कपड़ों का साथ कभी नहीं छोड़ना चाहिए, क्योंकि वही असली हीरो होते हैं। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि बर्फ पर गिरने का खतरा काफी ज्यादा रहता है, खासकर तब जब छुट्टियों पर आपके साथ कोई ऐसा न हो जो दस्ताने, फोन और स्कार्फ संभाल सके। अभिनेत्री ने यशराज फिल्म्स का जिक्र करते हुए सर्दियों की फिल्मों और असल जिंदगी के फर्क पर भी चुटकी ली। उन्होंने लिखा कि शिफॉन साड़ियां सिर्फ फिल्मों में अच्छी लगती हैं, रियल लाइफ में नहीं, क्योंकि ठंड में उंगलियां तक सुन्न हो जाती हैं। शेफाली ने साफ शब्दों में कहा कि ठंड को कभी हल्के में नहीं लेना चाहिए और इसमें कम नहीं, बल्कि ज्यादा लेयरिंग जरूरी है। मजाक करते हुए उन्होंने कहा कि जरूरत पड़े तो जैकेट के नीचे 64 थर्मल लेयर पहन लेनी चाहिए। शेफाली ने यह भी माना कि सर्दियों में स्टाइलिश दिखना हर किसी के बस की बात नहीं होती। उनके मुताबिक, अच्छे कपड़े पहनने से ज्यादा जरूरी है गर्म रहकर सुरक्षित रहना। उन्होंने लिखा कि स्नो पैंट स्टाइल के लिए नहीं, बल्कि गीला होने से बचाने के लिए पहननी चाहिए। ठंड में तैयार होने की मुश्किलों का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि एक आउटफिट तैयार करने में तीन घंटे तक लग जाते हैं लेयरिंग, जूते के फीते बांधना, दस्ताने उतारना-पहनना और आखिर में यह एहसास होना कि अंदर की थर्मल लेयर ही भूल गए। इसके अलावा शेफाली ने पुराने स्नो शूज और हील वाले बूट्स को लेकर भी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि पुराने जूते पहनने से सोल लेस होने का खतरा रहता है और हील वाले बूट्स भले ही सेक्सी लगें, लेकिन ठंड में भद्दे कपड़े पहनकर जिंदा रहना ज्यादा बेहतर है। पोस्ट के अंत में शेफाली ने ऑरोरा बोरेलिस को प्रकृति का जादू बताया और कहा कि यह कैमरे से कहीं ज्यादा खूबसूरत लगता है।



## बेहद कम समय में तमन्ना भाटिया ने हासिल किया अलग मुकाम

**मुंबई।** भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में हसीनाओं की कोई कमी नहीं है, लेकिन अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने बेहद कम समय में अपनी एक्टिंग, डांस और शानदार फैशन सेंस के दम पर अलग मुकाम हासिल किया है। उन्होंने न सिर्फ साउथ सिनेमा में बल्कि बॉलीवुड में भी खुद को साबित कर दिखाया है। तमन्ना भाटिया का जन्म 21 दिसंबर 1989 को मुंबई में हुआ था। बहुत छोटी उम्र से ही उनका झुकाव अभिनय की ओर था। महज 16 साल की उम्र में उन्होंने हिंदी फिल्म 'चांद सा रोशन चेहरा' से बॉलीवुड में डेब्यू किया। हालांकि शुरुआती दौर में उन्हें खास पहचान नहीं मिली, लेकिन तमन्ना ने हार नहीं मानी। उन्होंने साउथ इंडस्ट्री की ओर रुख किया और तमिल व तेलुगु फिल्मों में अपनी मेहनत और प्रतिभा से खुद को साबित किया। एक के बाद एक हिट फिल्मों के साथ वह जल्दी ही साउथ की टॉप अभिनेत्रियों में शुमार हो गईं। साल 2013 में तमन्ना ने 'हिम्मतवाला' के जरिए बॉलीवुड में वापसी की। भले ही यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा सफल न रही हो, लेकिन तमन्ना की खूबसूरती, अदाएं और स्क्रीन प्रेजेंस ने दर्शकों का ध्यान जरूर खींचा। उन्होंने कई यादगार आइटम सॉन्ग्स भी किए, जिनमें 'आज की रात', 'नशा' और 'पिया के बाजार' जैसे गाने शामिल हैं। इन गानों में उनके डांस मूव्स और एक्सप्रेशंस ने उन्हें अलग पहचान दिलाई। तमन्ना को असली पैन-इंडिया पहचान 'बाहुबली' और 'बाहुबली 2' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों से मिली। इन फिल्मों में उनकी दमदार मौजूदगी और अभिनय ने साबित कर दिया कि वह सिर्फ ग्लैमर तक सीमित नहीं हैं, बल्कि मजबूत किरदार निभाने में भी सक्षम हैं। इसके अलावा ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर भी तमन्ना ने अपनी छाप छोड़ी है। 'जी करदा' और 'आखिरी सच' जैसी वेब सीरीज में उनकी एक्टिंग को खूब सराहा गया। इन प्रोजेक्ट्स के लिए उन्हें बॉलीवुड हंगामा ओटीटी इंडिया फेस्ट में बेस्ट फीमेल एक्टर ऑफ द ईयर' का अवॉर्ड भी मिला। कम ही लोग जानते हैं कि तमन्ना ने महज 13 साल की उम्र में एक्टिंग और थिएटर की पढ़ाई शुरू कर दी थी। पृथ्वी थिएटर में मंचीय अभिनय सीखने से उन्हें भावनाओं को गहराई से समझने और दर्शकों तक पहुंचाने का हुनर मिला। यही मेहनत, अनुशासन और लगन आज उन्हें बॉलीवुड और साउथ दोनों इंडस्ट्री में खास बनाती है।

## मनमोहक तस्वीरें शेयर कर माधुरी ने बढ़ाई फैंस की धड़कन



**मुंबई।** बॉलीवुड की धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित ने एक ऐसा पोस्ट साझा किया, जिसने देखते ही देखते इंटरनेट पर तहलका मचा दिया। माधुरी ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ मनमोहक तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें वह गुलाबी रंग के इंडो-वेस्टर्न आउटफिट में नजर आ रही हैं। उन्होंने खूबसूरत लहंगा और टॉप पहना हुआ है, जिसे उन्होंने बेहद सलीके से कैरी किया है। आउटफिट के साथ बड़े-बड़े झुमके, जिनमें गुलाबी टच है, उनके लुक को और खास बना रहे हैं। सिंपल लेकिन क्लासी मेकअप, सॉफ्ट हेयरस्टाइल और उनकी मासूम मुस्कान ने फैंस का दिल जीत लिया है। तस्वीरों के साथ उन्होंने छोटा लेकिन असरदार कैप्शन लिखा, शाम गुलाबी। पोस्ट सामने आते ही फैंस के लाइक्स और कमेंट्स की बाढ़ आ गई। कमेंट सेक्शन में यूजर्स लगातार उनकी तारीफ करते नजर आए। कोई उन्हें धक-धक क्वीन बता रहा है तो कोई आज भी तेजाब गर्ल कहकर उनकी खूबसूरती और चार्म की सराहना कर रहा है। कई फैंस का कहना है कि माधुरी आज भी नई अभिनेत्रियों को स्टाइल और ग्रेस के मामले में कड़ी टक्कर देती हैं। लंबे और सफल करियर में माधुरी दीक्षित ने कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है और हर दौर में अपनी अलग पहचान बनाई है। अभिनय, नृत्य और व्यक्तित्व के दम पर उन्होंने खुद को हिंदी सिनेमा की सबसे चहेती अभिनेत्रियों में शुमार किया। आज भी उनकी एनर्जी और ग्लैमर वैसा ही है, जैसा 90 के दशक में हुआ करता था। वर्कफ्रंट की बात करें तो इन दिनों माधुरी दीक्षित अपनी थ्रिलर वेब सीरीज मिसेज देशपांडे को लेकर चर्चा में हैं, जो ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो चुकी है। इस सीरीज में वह एक बिल्कुल अलग और निगेटिव किरदार में नजर आ रही हैं। अब तक रोमांटिक और कॉमेडी रोल्स में पसंद की जाने वाली माधुरी इस बार अपने डार्क और रहस्यमयी अंदाज से दर्शकों को चौंका रही हैं। इससे पहले साल 2022 में आई उनकी ओटीटी डेब्यू सीरीज द फेम गेम में भी उनके किरदार में निगेटिव शेड्स थे।

*एसटीएफ जांच में 12वीं की मार्कशीट फर्जी साबित

# आंगनबाड़ी सहायिका बनने उर्दू मार्कशीट लगाई

भारमतमत रिपोर्टर/ पोहरी

जिले के पोहरी अनुविभाग में फर्जी शैक्षणिक दस्तावेजों के आधार पर सरकारी नौकरी हासिल करने का गंभीर मामला सामने आया है। ग्राम रसेरा निवासी कल्पना वर्मा पर कक्षा 12वीं की जाली अंकसूची के सहारे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पद पर नियुक्ति पाने का आरोप है। इस पूरे प्रकरण की जांच स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) द्वारा की गई, जिसमें प्रस्तुत दस्तावेज पूर्णतः फर्जी, अमान्य एवं कूटरचित पाए गए हैं।

जानकारी के अनुसार वर्ष 2017 में ग्राम रसेरा के आंगनवाड़ी केंद्र में सहायिका पद पर भर्ती हुई थी। बाद में वर्ष 2023 में कार्यकर्ता पद रिक्त होने पर नई नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ की गई। इस दौरान कल्पना वर्मा ने उर्दू शिक्षा बोर्ड से कक्षा 12वीं (विज्ञान विषय) की अंकसूची प्रस्तुत की, जिसमें उत्तीर्ण वर्ष 2015 दर्शाया गया। इसी आधार पर जून 2023 में उसे आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पद पर नियुक्ति दे दी गई। श्री दुर्गे उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मेहगांव (जिला भिंड) के प्राचार्य ने लिखित रूप में स्पष्ट किया कि वर्ष 2015 में न तो कल्पना वर्मा ने वहां से परीक्षा उत्तीर्ण की थी और न ही उस समय संस्था को अध्ययन केंद्र के रूप में कोई मान्यता प्राप्त थी। विद्यालय को पहली बार 2018-19 में मान्यता दी गई थी। ऐसे में वर्ष 2015 की बताई गई 12वीं की अंकसूची पूरी तरह फर्जी सिद्ध हुई।




आरटीआई कार्यकर्ता एवं राष्ट्रीय भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति के जिलाध्यक्ष माखन सिंह धाकड़ ने कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक शिवपुरी को आवेदन देकर आरोप लगाया है कि आपसी समझौते के आधार पर मामला दबाया जा रहा है। उन्होंने मांग की है कि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर हुई सभी हालिया भर्तियों की जांच कराई जाए

### दस्तावेजों में न जिला कोड, न डाइस कोड—शुरुआत में ही संदेह

एसटीएफ जांच में सामने आया कि प्रस्तुत अंकसूची में विद्यालय के नाम के सामने न तो जिला कोड अंकित था और न ही डाइस कोड, जिससे प्रारंभिक स्तर पर ही दस्तावेज संदिग्ध पाए गए। इसके बाद उर्दू शिक्षा बोर्ड एवं संबंधित विद्यालय से विस्तृत सत्यापन कराया गया। सूत्रों एवं शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि हाल ही में हुई अन्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका भर्तियों में भी इसी तरह की फर्जी अंकसूचियों का उपयोग किया गया है। यदि सभी नियुक्तियों की निष्पक्ष और गहन जांच कराई जाए तो कई शैक्षणिक दस्तावेजों का बड़ा घोटाला उजागर हो सकता है।

चौंकाने वाली बात यह है कि एसटीएफ द्वारा दस्तावेज फर्जी घोषित किए जाने के बावजूद अब तक आरोपी के विरुद्ध न तो एफआईआर दर्ज की गई है और न ही कोई दंडात्मक कार्रवाई की गई है। इससे पूरे मामले को दबाने के आरोप लग रहे हैं।

आधा सैकड़ा से अधिक मासूम बच्चों का भविष्य खतरे में

# घोटाला दबाने के आरोप, कलेक्टर-एसपी से व्यापक जांच की मांग

भारमतमत रिपोर्टर/ पोहरी





एक ओर सरकार शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने और ÷सबको शिक्षा÷ के बड़े-बड़े दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर ज़मीनी हकीकत इन दावों की पोल खोलती नज़र आ रही है। पोहरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत जनपद पंचायत पोहरी की ग्राम पंचायत दौरानी के ग्राम चक में स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय की स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है। विद्यालय में अध्ययनरत 57 आदिवासी बच्चे मजबूरी में खुले मैदान में बैठकर पढ़ाई कर रहे हैं। न तो सिर पर छत है और न ही मौसम से बचाव की कोई व्यवस्था। धूप, ठंड और बारिश में बच्चों को खुले में बैठाकर पढ़ाना शिक्षा के अधिकार अधिनियम की खुली अवहेलना है।

ग्रामीणों के अनुसार विद्यालय भवन पिछले दो वर्षों से जर्जर अवस्था में था, जिसकी शिकायतें संबंधित विभाग को कई बार की गईं। बावजूद इसके कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। स्थिति इतनी भयावह हो गई कि एक वर्ष पूर्व विद्यालय भवन गिरकर धराशायी हो गया, लेकिन आज तक न तो नया भवन बना और न ही अस्थायी वैकल्पिक व्यवस्था की गई। जहां शासन ÷निपुण भारत मिशन÷ और ÷स्कूल चलें हम अभियान÷ जैसे कार्यक्रमों के जरिए शिक्षा को मजबूत करने की बात कर रहा है, तो वहीं ग्राम चक का यह विद्यालय सरकारी दावों की सच्चाई उजागर कर रहा है। आदिवासी अंचल के बच्चों के साथ यह उपेक्षा बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

### अधिकारियों की चुप्पी पर जनता हैरान

विद्यालय भवन गिरने के बाद भी शिक्षा विभाग, जनपद पंचायत और जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चों की जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करवाई जा रही है, लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि या अधिकारी ने अब तक मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा नहीं लिया।

## भारत के विकास में अटल जी के दूरदर्शी नेतृत्व की अहम भूमिका: प्रहलाद भारती



भारमतमत रिपोर्टर/ पोहरी

जिले की पोहरी विधानसभा मे भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती को राष्ट्रीय सुशासन दिवस के रूप में पूरे देश में मनाया गया। इसी क्रम में भारत सरकार के खेल मंत्रालय के अंतर्गत माय भारत ङ्क युवा भारत शिवपुरी द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिला युवा अधिकारी कपिल सैन के निर्देशानुसार सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रहलाद भारती ने अपने संबोधन में कहा कि अटल बिहारी वाजपेई जी सच्चे अर्थो में युगद्रष्टा थे। उन्होंने कहा कि आज भारत जिस तेजी से विकसित भारत की ओर अग्रसर है, उसमें अटल जी का दूरदर्शी नेतृत्व और नीतियां मील का पत्थर साबित हुई हैं। कार्यक्रम में आसपास के ग्रामों से आए युवाओं एवं युवतियों ने भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अर्चना सेन ,द्वितीय स्थान शिपा ,तृतीय स्थान कपिल को प्राप्त हुआ। विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम कार्यक्रम में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष रमेश चंद्र सेन, रामनिवास धाकड़ सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल आयोजन अमर युवक मंडल कांकर के सहयोग से सम्पन्न हुआ।

शिवपुरी में राष्ट्रीय सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती

### अटल जी के साहसिक निर्णयों से भारत बना परमाणु शक्ति संपन्न : चंदन धाकड़

वरिष्ठ अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष सतनवाड़ा श्री चंदन सिंह धाकड़ ने कहा कि भारत का परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट बनना अटल बिहारी वाजपेई जी के साहसिक और ऐतिहासिक निर्णयों का परिणाम है। उनके नेतृत्व ने भारत को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाई।

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री राजेंद्र सिंह राजपूत ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई जी ऐसी महान शख्सियत थे जिनसे सत्ता पक्ष ही नहीं बल्कि विपक्ष भी समय-समय पर मार्गदर्शन लेता था। उनका व्यक्तित्व राजनीति से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को समर्पित था।

दर्शिका पब्लिक स्कूल के प्राचार्य श्री धर्मेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि यदि आज का भारत अटल बिहारी वाजपेई जी के सपनों को साकार करते हुए आगे बढ़े, तो यही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई: 63 लीटर अवैध शराब जब्त, 10 प्रकरण दर्ज, 8 आरोपी गिरफ्तार

भारमतमत रिपोर्टर

शिवपुरी। जिले में अवैध शराब कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए जिला आबकारी विभाग शिवपुरी द्वारा वृत्त शिवपुरी क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई कलेक्टर रविंद्र चौधरी एवं उपायुक्त आबकारी संभागीय उड़नदस्ता ग्वालियर संदीप शर्मा के निर्देशन में, जिला आबकारी अधिकारी शुभम दांगोड़े के नेतृत्व में संपन्न हुई।वृत्त शिवपुरी एवं नियंत्रण कक्ष प्रभारी तीर्थराज भारद्वाज के अनुसार शिवपुरी क्षेत्रांतर्गत ग्राम करई, ग्राम गंगौरा एवं ग्राम भड़ा बावड़ी में दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान मौके से 63 लीटर हाथ भट्टी की अवैध शराब जब्त की गई तथा करीब 1500 किलोग्राम गुड़लहान का सैंपल लेकर उसे मौके पर ही नष्ट किया गया।दबिश के दौरान आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के अंतर्गत कुल 10 आपराधिक प्रकरण दर्ज किए गए, जिनमें 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस संपूर्ण कार्रवाई में वृत्त प्रभारी तीर्थराज भारद्वाज, आबकारी उपनिरीक्षक लोकेश बेवारिया, आरक्षक सतीश, डोंगर सिंह, रितिक, डाल सिंह, गिरिराज तथा सैनिक सुमन का सराहनीय योगदान रहा। आबकारी विभाग शिवपुरी द्वारा भविष्य में भी अवैध शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों के विरुद्ध सतत कार्रवाई जारी रखने की बात कही गई है।



## पोहरी रजिस्ट्रार पर लाइसेंस बनवाने के नाम पर रिश्वत के आरोप ,पीड़ित ने की निष्पक्ष जांच की मांग

भारमतमत रिपोर्टर/ पोहरी

जिले की तहसील पोहरी में पदस्थ रजिस्ट्रार (सब-रजिस्ट्रार) पर शिकायतकर्ता को डराने-धमकाने और दबाव बनाने के गंभीर आरोप सामने आए हैं। आरोप है कि जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराने से नाराज़ होकर रजिस्ट्रार द्वारा शिकायतकर्ता मोहित धाकड़ को लाइसेंस निरस्त करने की धमकी दी जा रही है। शिकायतकर्ता मोहित धाकड़ ने जनसुनवाई में सब-रजिस्ट्रार पोहरी के विरुद्ध अनियमितताओं की शिकायत की थी। इसके बाद से ही कथित रूप से शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है। आरोप है कि यदि शिकायत वापस नहीं ली गई तो उसका लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा। शिकायतकर्ता का आरोप है कि लाइसेंस बनवाने के नाम पर उससे पहले ही लगभग एक लाख रुपये की अवैध वसूली की जा चुकी है। इसके बावजूद अब उसे धमकाया जा रहा है, जिससे वह मानसिक रूप से प्रताड़ित है। शिकायतकर्ता ने कलेक्टर एवं उच्च प्रशासनिक अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराए जाने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। यदि समय रहते जांच नहीं हुई तो भविष्य में ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति से इनकार नहीं किया जा सकता।शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि रजिस्ट्रार का बड़ा भाई राजकुमार धाकड़, जो कि आंगनवाड़ी में पदस्थ था, उसने अवैध रूप से रजिस्ट्री संबंधी कार्य किया। इस संबंध में भी पहले शिकायत की जा चुकी है, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।



शिकायतकर्ता का कहना है कि अब उसी पुरानी शिकायत के कारण उसे निशाना बनाया जा रहा है और लाइसेंस निरस्त करने की धमकी देकर चुप कराने की कोशिश की जा रही है। यह पूरा मामला प्रशासनिक निष्पक्षता और पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

# सुभाषपुरा में रोटरी क्लब का कैंप सपन्न 51 पेशेंट सर्जरी के लिए हुए चिन्हाकित

भारमतमत रिपोर्टर

शिवपुरी। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सुभाषपुरा पर रोटरी क्लब इंटर नेशनल एवं श्रीमंत माधव राव सिंधिया स्वास्थ्य मिशन द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर सपन्न हुआ। शिविर में 200 ग्रामीण महिला पुरूषों से पंजीयन कराया। जिसमें जिले से पहुंचे विशेषज्ञ चिकित्सकों के परीक्षण के उपरांत 51 पेशेंट सर्जरी के लिए चिन्हाकित किए गए। भगवान श्री गणेश की अराधना कर रोटरी क्लब के अध्यक्ष दीपेश सांखला, इंजीनियर पवन जैन, डॉ. दिलीप जैन, डॉ. एसके वर्मा, दिलीप वैश्य, राजेश वर्मा, गोविंद गोयल, बीएमओ डॉ महेन्द्र धाकड, नोडल अधिकारी स्वास्थ्य शिविर डॉ विनय पिप्पल, बीसीएम संतोष शर्मा ने विशेष स्क्रीनिंग कैंप का शुभारंभ किया। शिविर में ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण करने हेतु जिला स्तर एवं ब्लॉक स्तर से चिकित्सकीय दल सुभाष पुरा पहुंचा जिसमें शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ अनूप गर्ग, मेडीसिन विशेषज्ञ डॉ विवेक विमल, मेडीकल आफीसर डॉ. मोनिका मंगल, दंत रोग चिकित्सक डॉ. अंजली सिंधल, नेत्र सहायक आर.के. श्रीवास्तव, फार्मासिस्ट हदेश सेंगर शम्मिलित थे । चिकित्सकीय दल ने 200 ग्रामीण महिला पुरूष एवं बच्चों का परीक्षण किया। जिसमें 48 रोगी मोतिया बिन्द से ग्रसित होकर आपरेशन के लिए चिन्हाकित किए गए। इसी प्रकार 04 रोगी पाइल्स सर्जरी हेतु, 03 हयरिंग इम्पयरमेंट, 01 जीभ का केंसर, 01 दांत की समस्या तथा 01 मानसिक समस्या से ग्रसित होकर उपचार के लिए चिन्हाकित किए गए।




## दोहरी जिम्मेदारी: भाजपा जिला कोषाध्यक्ष सक्षम बने स्वदेशी मेला संयोजक एवं जिला विकास समिति के सदस्य

भारमतमत रिपोर्टर



शिवपुरी। भारतीय जनता पार्टी के जिला कोषाध्यक्ष सक्षम भैया जैन को संगठन और प्रशासन में दो महत्वपूर्ण नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। उन्हें स्वदेशी मेला का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है, साथ ही जिला विकास एवं सलाहकार समिति का सदस्य भी मनोनीत किया गया है।सक्षम को मिली इन महत्वपूर्ण नियुक्तियों से कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर है। इसी क्रम में फिजिकल नगर मंडल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर फिजिकल नगर मंडल के कोषाध्यक्ष राजकुमार राठौर, मोनू महाराज, आशिष सोनी एवं सतीश सहित कई अन्य गणमान्य जन उपस्थित रहे। उपस्थित सभी साथियों ने माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर सक्षम जैन का अभिनंदन किया। कार्यकर्ताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि सक्षम जैन के नेतृत्व में स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा और जिला विकास समिति के माध्यम से क्षेत्र की प्रगति को नई गति प्राप्त होगी। सभी ने उनके यशस्वी कार्यकाल और उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की मंगलकामना की।

## खनिज निरीक्षक श्रीनिवास हुए सख्त अवैध परिवहन करते दो वाहन पकड़े



**शिवपुरी ।** इन दिनों जिले में पदस्थ खनिज निरीक्षक सोनू श्रीवास द्वारा खनन माफिया के खिलाफ सख्ती बरती जा रही है। विगत दिवस उन्होंने जिला कलेक्टर के आदेश अनुसार और खनिज अधिकारी के मार्गदर्शन में संपूर्ण जिले में अवैध खनन परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध कार्रवाई के दौरान तहसील पिछोर एवं खनियाधाना में आकस्मिक भ्रमण किया और भ्रमण के दौरान खनियाधाना में खनिज एम सेंड का अवैध परिवहन करते दो वाहन पकड़े जिसमें एक घोड़ा 22 चक्का एमसेंड तथा एक हाईव 10चक्का एमसेंड का ओवरलोड परिवहन करते पकड़ा जाकर जप्त कर थाना खनियाधाना की सुरक्षा में रखा गया है।इसी के साथ एक हाईवा 10चक्का एम सैंड का ओवरलोड परिवहन करते पकड़ा गया जिसे थाना पिछोर अभीरक्षा में रखा गया है। उक्त सभी वाहनों पर ओवरलोड परिवहन करने से खनिज नियम अनुसार अर्थ दंड की कार्रवाई प्रस्तावित की जा रही है और अर्थदंड निर्धारण हेतु कलेक्टर न्यायालय की ओर सभी प्रकरण तैयार कर प्रेषित किए जा रहे हैं।



# जिला स्तरीय सांसद खेलों में कोलारस ब्लॉक का शानदार प्रदर्शन रहा उपविजेता

भारमतमत रिपोर्टर

शिवपुरी। जिला स्तरीय सांसद खेल प्रतियोगिताओं में कोलारस विकासखंड के खिलाडियों ने उत्कृष्ट खेल भावना और प्रतिभा का परिचय देते हुए विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन किया। शिवपुरी विकासखंड के बाद कोलारस विकासखंड खेल प्रदर्शन के आधार पर लगभग द्वितीय स्थान पर रहा। इस उपलब्धि पर कोलारस शिक्षा विभाग को हार्दिक शुभकामनाएं दी जा रही हैं।अनुविभागीय अधिकारी अनूप श्रीवास्तव, बीईओ राहुल भार्गव, खंड स्त्रोत समन्वयक के पी जैन के मार्गदर्शन में ब्लाक कोर्डीनेटर रवि जादौन ने बताया कि यह उपलब्धि क्षेत्रीय विधायक महेन्द्र सिंह यादव व जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा अमित यादव व जिलाधीश रविन्द्र कुमार चौधरी डीईओ विवेक श्रीवास्तव डी पी सी दफेदार सिंह सिकरवार व ब्लाक के बी ईओ राहुल भार्गव व बी आर सी के पी जैन व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण के योगदान प्रोत्साहन से संभव हो सका ब्लाक कोर्डीनेटर रवि जादौन व क्रीड़ा संयोजक रोशन ओझा ने बताया कि प्रतियोगिता में कुश्ती बालिका वर्ग (तीनों भार वर्ग) में कोलारस ने स्वर्ण पदक जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं कुश्ती बालक वर्ग में द्वितीय स्थान रहा। क्रिकेट बालिका वर्ग, कबड्डी बालिका वर्ग, वॉलीबॉल बालक वर्ग, खो-खो बालिका वर्ग, हॉकी बालक एवं बालिका वर्ग तथा बैडमिंटन बालक वर्ग में कोलारस की टीमें उपविजेता रहीं। एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में भी खिलाडियों ने सराहनीय प्रदर्शन किया। बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ में तृतीय स्थान, बालक वर्ग 400 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान, बालिका वर्ग 400 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान तथा गोला फेंक बालिका वर्ग में भी द्वितीय स्थान प्राप्त किया गया। इस सफलता का श्रेय सभी अधिकारीगण, संकुल प्राचार्य, शाला प्राचार्य, खेल शिक्षक, खेल रुचि शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के आत्मीय सहयोग को दिया जा रहा है। जिले स्तर पर कोलारस ब्लॉक के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है और खिलाडियों का उत्साह बढ़ा है बालक दल प्रभारी जार्ज केरकेटा, बालिका दल प्रभारी रविन्द्र कौर माटा, खेल शिक्षक विनय रावत, विशाल गुर्जर,मनोज राठौर, दुष्यंत माथुर, फिरोज खान, संजय लकडा ,प्रीति शर्मा,आरती राजपूत, राधा सोनी, कल्पना सोनी,आकांक्षा कोली, रूचि रावत,नेहा अटल, राजवीर, राजेन्द्र मेहता आदि ने सहयोग किया।




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण श्रीवास्तव, द्वारा भारतमत प्रेस कालका 51, सत्यदेव नगर गांधी रोड, ग्वालियर से मुद्रित एवं 27 बहार खाण्डे राव गेट गांधी भवन के सामने, झांसी से प्रकाशित , RNI No. UPHIN/2013/52735 स्थानीय संपादक तपस्वी श्रीवास्तव मो. 8518882202, फोन. 0510-2351835